रोहतक
शनिवार 26 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 30, अंक : 233
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 34.1°C
न्यून. 20.5°C

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

सुरुचि और कमलजीत

10000 मीटर में गुलवीर को सिल्वर

एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर रेस में सिल्वर जीता। उन्होंने 28 मिनट 29.38 सेकेंड में रेस पूरी की।

एशियन गेम्स 7वां दिन
06 पदक

हरियाणवी शूटर्स का गोल्ड पर निशाना

▸▸ झज्जर के सासरौली की सुरुचि और रेवाड़ी के कमलजीत की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में देश की झोली में सोना डाला। भारतीय जोड़ी ने 484.6 अंक हासिल किए

एजेंसी ▸▸| नागोया (जापान)

एशियन गेम्स में शुक्रवार को हरियाणवी खिलाड़ियों ने देश को गोल्ड मेडल दिलाया। झज्जर के सासरौली की सुरुचि और रेवाड़ी के कमलजीत की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में दूसरा गोल्ड डाल दिया। इस भारतीय जोड़ी ने कुल 484.6 अंक हासिल किए। सिल्वर मेडल जीतने वाली साउथ कोरिया को 478.0 अंक मिले, जबकि ईरान ने 415.8 अंक के साथ ब्रॉन्ज जीता। खास बात यह है कि इन दोनों खिलाड़ियों की पहली पसंद शूटिंग नहीं थी। सुरुचि को परिवार कबड्डी खिलाड़ी बनाना चाहता था, वहीं कमलजीत पहले एथलीट थे, लेकिन इंजरी के बाद इसे छोड़ना पड़ा। इसके बाद शूटिंग में करियर बनाया। इस उपलब्धि पर दोनों के परिवारों में खुशी का माहौल है। सीएम नायब सैनी ने भी दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप दोनों की उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। *(पैकेज खेल पेज पर)*

50 मीटर राइफल टीम इवेंट में सिल्वर

कुल 23 पदक

50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार की टीम ने सिल्वर जीता। भारत ने 1762 अंक बनाए। चीन 1766 अंक के साथ गोल्ड और साउथ कोरिया 1751 अंक के साथ ब्रॉन्ज जीतने में सफल रहा।

1 गोल्ड, 2 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज भारतीय खिलाड़ियों ने जीते

भारत अंक तालिका में 12वें स्थान पर

पोल वाल्ट में बरानिका को ब्रॉन्ज

भारत ने एशियन गेम्स में पोल वॉल्ट का पहला मेडल जीता है। बरानिका एलांगोवन ने महिलाओं की पोल वॉल्ट में 4.15 मीटर की ऊंचाई पार कर ब्रॉन्ज जीता।

अंबाला की मनप्रीत कौर ने शॉटपुट में ब्रॉन्ज जीता

महिलाओं की शॉटपुट में मनप्रीत कौर ने 17.17 मीटर का थ्रो कर तीसरा स्थान हासिल किया। भारत की कृष्णा जयशंकर मेनन 16.57 मीटर के प्रदर्शन के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।

मनुष शाह-दिया चितले को टेबल टेनिस में ब्रॉन्ज : मनुष शाह और दिया चितले ने मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज जीता। सेमीफाइनल में उन्हें चीन के वांग चुकिन और सुन यिंगशा से 8-11, 5-11, 8-11, 2-11 से हार मिली। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को ब्रॉन्ज मेडल दिया जाता है।

कबड्डी में दोनों टीमें फाइनल में

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में नेपाल को 48-24 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इससे भारत का एक और मेडल पक्का हो गया। पुरुष टीम ने भी फाइनल का टिकट कटाया। उसने सेमीफाइनल में थाईलैंड को 66-27 से हराया।

स्क्वॉश में भी भारत का मेडल पक्का

जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में फिलीपींस के डेविड पेलिनो और जेमक्या अरिबाडो को 11-3, 11-5 से हराया। सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ उनका कम से कम ब्रॉन्ज पक्का हो गया। महिला सिंगल्स में अनाहत सिंह ने क्वार्टरफाइनल में तन्वी खन्ना को 3-0 से हराकर अंतिम-4 में जगह बनाई। पुरुष सिंगल्स में अभय सिंह भी सेमीफाइनल में पहुंच गए। वीर चोत्रानी को क्वार्टरफाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान से हार मिली।

400 मीटर में तीन भारतीय फाइनल में

महिलाओं की 400 मीटर में किरण पहल और प्राची चौधरी ने फाइनल में जगह बनाई। किरण ने अपनी हीट 53.44 सेकेंड में पूरी कर सीधे क्वालिफाई किया। प्राची ने 53.46 सेकेंड का समय निकालकर हीट में तीसरा स्थान हासिल किया और नॉन-ऑटोमैटिक क्वालिफायर में सबसे तेज रहीं। पुरुषों की 400 मीटर में विशाल टीके ने 45.27 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट जीती और फाइनल में पहुंच गए। तीनों के फाइनल शनिवार को होंगे।

खबर संक्षेप

मणिपुर, नगालैंड और अरुणाचल में अफस्पा की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर के कुछ खास इलाकों में आर्म्ड फोर्सेज (स्पेशल पावर्स) एक्ट, 1958 (अफस्पा) को 1 अक्टूबर से अगले छह महीनों के लिए बढ़ा दिया है। यह फैसला वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद लिया गया। मणिपुर में गृह मंत्रालय ने 5 जिलों के 13 पुलिस थानों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इलाकों को छोड़कर पूरे राज्य में अशांत क्षेत्र की घोषणा को बढ़ा दिया है। *एजेंसी*

आईएएस मनदीप सीबीएसई के नए अध्यक्ष

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल के तहत मनदीप भंडारी को सीबीएसई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह इससे पहले जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल के प्रधान सचिव थे। सीबीएसई का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे लोखंडे प्रशांत सीताराम को जुलाई में गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव बनाया गया था। उनकी नियुक्ति को कैबिनेट की नियुक्ति समिति से भी मंजूरी मिल गई है। कार्मिक मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। *एजेंसी*

एक साल में 43 हजार बच्चियों के साथ दुष्कर्म

नई दिल्ली। देश में बच्चियों के साथ रेप के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2015 में पुलिस ने जहां 18 साल से कम उम्र की 10,934 पीड़ित बच्चियों के मामले दर्ज किए थे। वहीं 2024 में यह संख्या 43,675 तक पहुंच गई। एक दशक में बच्चियों से दुष्कर्म की घटनाओं में चार गुना बढ़ोतरी हुई है। हर साल 18 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ यौन हिंसा के मामले बड़ी संख्या में सामने आए हैं। *एजेंसी*

एआई कैमरों ने खोली पोल

रेलवे भर्ती : दूसरों की जगह परीक्षा दे रहे 5 शातिर पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

रेलवे भर्ती की फिजिकल परीक्षा में पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ दो केस दर्ज किए गए हैं। दो आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। एआई कैमरों की मदद से इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। उत्तर रेलवे के अंबाला छावनी स्थित रेलवे स्टेडियम में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान तीन दिन में सात आरोपी पकड़े गए हैं जबकि दो भाग निकले हैं। ये सभी दूसरों के नाम पर दौड़ में शामिल हुए थे। अंबाला छावनी के मंडल कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ की ओर से 22 से 28 सितंबर 2026 तक शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें 35 किग्रा भार उठाकर 100 मीटर और 1000 मीटर की दौड़ कराई जा रही है। परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी कर रही प्राइवेट एजेंसी के एआई कैमरों के डेटा और बॉयोमीट्रिक मिलान के दौरान 24 सितंबर को यह बड़ा खुलासा हुआ। पहले मामले के तहत राजस्थान के अलवर के रूपबास गांव के गिरराज मीणा अंबाला में परीक्षा देने पहुंचा था।

दो मामलों में केस दर्ज

- रतलाम भी भेजी गई डीडीआर
- दो आरोपी फरार होने में कामयाब
- पुलिस ने आरोपियों का रिकॉर्ड मांगा, जल्द होगी गिरफ्तारी

पहले भी दूसरे की जगह परीक्षा दे चुका

आरोपी इससे पहले 5 सितंबर 2026 को नागपुर में राहुल मीणा नामक उम्मीदवार के नाम पर शारीरिक दक्षता परीक्षा दे चुका है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि राहुल मीणा उसकी बुआ का लड़का है। इसी प्रकार दूसरे मामले में उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के शाहपुर गांव के संदीप कुमार यादव भी एआई चेकिंग की पकड़ा गया। कॉर्ड खंगालने पर पता चला कि इसने 6 सितंबर 2026 को रतलाम (मध्य प्रदेश) में अपने रिश्तेदार अभिषेक की जगह जाकर परीक्षा दी थी। इसके अलावा जांच में सामने आया कि 22 सितंबर को हिसार की जाखल रेलवे कॉलोनी के सतीश ने अपने दोस्त दीपक के स्थान पर परीक्षा दी। इसके बाद 23 सितंबर को खुद अपनी परीक्षा देने पहुंच गया। यहां वह पकड़ा गया।

तीन वरिष्ठ अधिकारियों की समिति ने की जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक द्वारा गठित तीन वरिष्ठ अधिकारियों की समिति हरकत में आई। सेंटर इंचार्ज सह वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के निर्देश पर समिति सदस्य सह सहायक कार्मिक अधिकारी सुरेश कुमार ने पड़ाव थाना अधिकारी को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर सख्त धाराओं के तहत केस दर्ज करने की बात कही है।

मोदी और महिला की मॉर्फ्ड फोटो हटाएं : दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मेटा को निर्देश दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महिला की फेक फोटो और उससे जुड़े कंटेंट को तुरंत हटाए। शुक्रवार को जिस याचिका पर सुनवाई की गई, वह याचिका उसी महिला ने दायर की थी, जिसकी तस्वीर से छेड़छाड़ हुई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ एक महिला का मामला नहीं, बल्कि देश के प्रधानमंत्री से जुड़ा मामला है। कोर्ट यह सुनिश्चित करेगा कि दिल्ली पुलिस इस मामले को लेकर संवेदनशील रहे। दिल्ली हाई कोर्ट ने सीजेपी के नेताओं सौरव दास और अभिजीत दिपके को नोटिस जारी किया है।

कोर्ट ने मेटा को दिया निर्देश कहा, वे देश के प्रधानमंत्री, मामला सिर्फ महिला का नहीं

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

दिल्ली-पटना में मार्च, देहरादून में कार्यकर्ता बैरिकेड्स पर चढ़े

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में प्रदर्शन कर रही है। उत्तराखंड के देहरादून में कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पटना में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इधर, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शुक्रवार को कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार ने इस्तीफा नहीं दिया तो 2 अक्टूबर से देशव्यापी आंदोलन करेंगे। सीजेपी ने गुरुवार को ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे की डेडलाइन दी थी। एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में एसआईआर के फैसलों, दिशानिर्देशों और सॉफ्टवेयर बदलावों को असंवैधानिक घोषित करने और करीब 13 करोड़ वोटर्स के नाम हटाने की एसआईटी जांच की मांग है।

कॉकरोच पार्टी बोली– 2 अक्टूबर से देशव्यापी आंदोलन

मणिपुर में उग्रवादियों ने की चार नगा लोगों की हत्या

कामजोंग। मणिपुर के कामजोंग जिले में गुरुवार शाम चार नगा लोगों की हत्या कर दी गई। स्थानीय लोगों ने हत्या का आरोप कुकी नेशनल आर्मी-बर्मा (केएनए-बी) के उग्रवादियों पर लगाया है। पुलिस के मुताबिक, हथियारों से लैस उग्रवादियों ने पिलोंग नगा गांव में ग्रामीणों पर गोलीबारी की थी। पिलोंग नगा गांव कामजोंग जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर है। मृतकों की पहचान फामी जाजो, निंगथेम कसाक, बेटरसन जाजो और वरेइशिम जाजो के रूप में हुई है। चारों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए कामजोंग जिला मुख्यालय लाए गए हैं। घटना के बाद तांगखुल नागा लॉन्ग ने हत्याओं की निंदा करते हुए शुक्रवार सुबह 7 बजे से 24 घंटे के आपातकालीन बंद का ऐलान किया। स्थानीय संगठनों के मुताबिक, फरवरी में शुरू हुई हिंसा के बाद इस साल अब तक 44 लोगों की मौत हो चुकी है।

आरोपी म्यांमार से आए, बाजार बंद का ऐलान, इस साल 44 मौतें

एअर इंडिया पायलट अल्कोहल टेस्ट में फेल होने पर सस्पेंड

नई दिल्ली। एअर इंडिया के पायलट को ज्यूरिख-दिल्ली फ्लाइट से पहले अल्कोहल टेस्ट में फेल होने पर शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया गया है। अंतिम मेडिकल रिपोर्ट और जांच पूरी होने तक पायलट का निलंबन जारी रहेगा। यह मामला 6 सितंबर का है। टेकऑफ से पहले ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ को पायलट से शराब की स्मेल आई थी। उन्होंने अफसरों को उसकी सूचना दी, जिसके बाद पायलट को विमान से उतार दिया गया। अल्कोहल टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद पायलट को टेकऑफ से कुछ समय पहले ज्यूरिख एयरपोर्ट पर विमान से उतार दिया गया था। यात्री की तरह उसी फ्लाइट से भारत भेजा गया था। स्विस फेडरल ऑफिस ऑफ सिविल एविएशन (एफओसीए) ने इस मामले की पुष्टि की है। एफओसीए के मुताबिक, पायलट पर स्विस नियमों के तहत कार्रवाई की गई।

टेकऑफ से पहले ज्यूरिख-दिल्ली फ्लाइट से उतारा

हर्ष फायरिंग में गोली लगने से हेड कांस्टेबल की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौंद

क्षेत्र के गांव सिंघवा खास में बेटे के जन्म की खुशी में आयोजित जलवा पूजन कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में हेड कांस्टेबल को गोली लगने से मौत हो गई। मृतक दिल्ली पुलिस में तैनात था। सिंघवा खास निवासी अंकित के घर बेटा पैदा होने की खुशी में जलवा पूजन कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों द्वारा पिस्तोल से हवाई फायरिंग किए जाने का आरोप है। अचानक चली गोली अमरजीत के पांव में जा लगी। गोली लगते ही कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई और अमरजीत जमीन पर गिर गया। बास थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी रिंकू की शिकायत पर सिंघवा खास निवासी सुरेंद्र, जो हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर तैनात है, भिवानी जिले के गांव गुजरानी निवासी मनोज और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जलवा पूजन समारोह के दौरान हादसा

पुलिस एएसआई समेत दो के खिलाफ हत्या का केस
डीजे पर डांस के दौरान पांव में लगी थी गोली

प्रदेश सरकार का बड़ा कदम, करना होगा आवेदन

किसान फ्री में करवा सकेंगे फल एवं सब्जियों की कीटनाशक जांच

उपज की गुणवत्ता सुधारने करने के लिए सरकार निरंतर कर रही काम : श्याम सिंह

चंडीगढ़ । हरियाणा के किसान अब फ्री में फल एवं सब्जियों की कीटनाशक जांच करवा सकेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि बागवानी किसानों के हित में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, उनकी उपज की गुणवत्ता सुधारने और आम जनमानस की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर काम कर रही है। राणा ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की थी कि प्रदेश के बागवानी किसानों को फल और सब्जियों में कीटनाशक अवशेषों के विश्लेषण की निःशुल्क जांच सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। अब यह कदम उसी घोषणा के अनुपालन में उठाया गया है।

इन 10 प्रमुख कीटनाशकों का किया जाता है विश्लेषण

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह सुविधा उद्यान विभाग हरियाणा की गुणवत्ता जांच प्रयोगशाला सिरसा तथा घरौंडा (करनाल) में प्रदान की जा रही है। एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त इन प्रयोगशाला में किसान अपनी बागवानी उपज, मिट्टी और पानी के नमूनों की निःशुल्क जांच करवा सकते हैं। इस प्रयोगशाला में कुल 10 प्रमुख कीटनाशकों (मेट्रिब्यूजिन, मेटालैक्सिल, क्लोरपाइरीफॉस, डाइकोफोल, पेंडीमेथालिन, पेनकोनाज़ोल, प्रोफेनोफॉस, लैम्ब्डा-सायहैलोथ्रिन, परमेथ्रिन एवं डेल्टामेथ्रिन) के अवशेषों का अत्याधुनिक तकनीकों से सटीक विश्लेषण किया जाता है।

अधिक से अधिक लाभ उठाएं किसान

श्याम सिंह राणा ने प्रदेश के किसानों से इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि जांच हेतु आवेदन करने के लिए किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्योरा पंजीकरण का विवरण, पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पैन कार्ड या वोटर आईडी, और अपना मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी प्रयोगशाला में जमा कराना होगा। नमूने लेने एवं दस्तावेजों की प्रक्रिया के लिए किसान अपने संबंधित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बागवानी किसान अपनी उपज में कीटनाशकों के सही उपयोग को समझकर गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा में सुधार ला सकें।

भावांतर भरपाई योजना के तहत किसानों को मिलेगा एमएसपी का लाभ

बाजरे की खरीद 2300 रुपये में, किसानों को मिलेगा 2900 का भाव: नायब सैनी

बाजरा-धान खरीद की तैयारी पर सीएम ने कसी कमर, दूसरे राज्यों से बाजरा लाकर बेचने पर सख्ती के निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के किसानों को भावांतर भरपाई योजना के तहत बाजरे का 2900 रुपये प्रति क्विंटल भाव सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूसरे राज्यों से बाजरा लाकर हरियाणा में बेचने के प्रयासों पर सख्ती से रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बाजरा और धान खरीद की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष सरकार 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बाजरा खरीदेगी। यदि किसानों को खुले बाजार में इससे अधिक भाव मिलता है तो बिक्री मूल्य और 2900 रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य के बीच के अंतर की भरपाई सरकार करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजरा खरीद और भावांतर भरपाई का लाभ मेरी फसल-मेरा ब्यौरा में दर्ज रिकॉर्ड और जारी जे-फार्म के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। एरिया वेरिफिकेशन का कार्य भी प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष बाजरे के लिए पहले 2150 और बाद में 2200 रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई थी। सरकार और आढ़तियों के खरीद मूल्य तथा 2900 रुपये के एमएसपी के बीच के अंतर की भरपाई सरकार ने अलग से की थी। इस वर्ष खुले बाजार में बाजरा औसतन 2235 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ोसी राज्यों में बाजरा हरियाणा की तुलना में कम कीमत पर बिकता है। ऐसे में वहां से बाजरा लाकर हरियाणा में बेचने की कोशिशों पर सख्ती से कार्रवाई करें।

धान खरीद के लिए मिलर्स का पंजीकरण होगा

मुख्यमंत्री ने धान खरीद की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलों में राइस मिलर्स का पंजीकरण करने के निर्देश दिए। पूर्व में गड़बड़ी करने वाले राइस मिलर्स का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। जिन जिलों में पर्याप्त संख्या में राइस मिलर्स पंजीकृत नहीं होंगे, वहां का धान अन्य जिलों के राइस मिलर्स को दिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर दूसरे राज्यों के राइस मिलर्स के पंजीकरण की संभावनाएं तलाशने के निर्देश भी दिए गए।

सफाई के लिए शहरी निकायों में 1646 वार्ड समितियों का गठन

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आमजन की सुविधा व शिकायतों के समाधान के लिए प्रदेश के सभी शहरी निकायों में 1646 वार्ड समितियों का गठन किया गया है। कोई भी व्यक्ति स्वच्छता व कचरा संग्रहण के संबंध में इन वार्ड समितियों के व्हाटसएप नंबर पर शिकायत दर्ज करवा सकता है जिसका समयबद्ध समाधान किया जाएगा। इसी प्रकार घर-घर कचरा उठाने वाले वाहनों की निगरानी के लिए 87 में से 83 शहरी स्थानीय निकायों में 4जी व 5जी नेटवर्क वाली जीपीएस प्रणाली के वाहन चलाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को शेष चार शहरी स्थानीय निकायों में भी इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के शहरी निकायों में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, रूट मैपिंग, मशीनरी की उपलब्धता, पोर्टल के माध्यम से भुगतान, वार्ड समितियों के गठन, स्वच्छता पखवाड़ा कलैंडर, बल्क वेस्ट जनरेटर्स की पहचान व पंजीकरण तथा एनजीओ मैपिंग एंड एमओयू सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा कर रहे थे।

आंगनवाड़ी केंद्रों को मिलेगी अपनी छत, किराये के भवनों से होंगे शिफ्ट

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में किराये के भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राथमिकता के आधार पर अपने भवन उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण शीघ्र करवाया जाए। इसके लिए सरकारी भूमि, विद्यालयों में उपलब्ध भूमि तथा अन्य उपयुक्त स्थानों को चिन्हित कर आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण की संभावनाएं तलाशें। मुख्यमंत्री नायब सैनी शुक्रवार को चंडीगढ़ मे महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, महिला एवं बाल विकास की निदेशक व अन्य मौजूद रहे।

भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
महानिदेशक, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (DG, ICERT) के पद को भरने हेतु

सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (ICERT) के महानिदेशक के पद, जो वेतन मैट्रिक्स के स्तर-15 में है, को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। महानिदेशक की सेवा के निबंधन एवं शर्तें सूचना प्रौद्योगिकी (भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के महानिदेशक के वेतन, भत्ते एवं सेवा के निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2012, जो समय-समय पर यथासंशोधित हैं, के अनुसार विनियमित होंगी।

आवेदन का प्रारूप, पात्रता शर्तें, अपेक्षित शैक्षणिक योग्यताएँ, वेतन एवं भत्ते तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वेबसाइट www.meity.gov.in अथवा ICERT की वेबसाइट www.cert-in.org.in पर लॉग ऑन करें।

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर, उप सचिव (कार्मिक), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6 सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110003 के पास पहुंच जाना चाहिए।

CBC-06101/11/0019/2627

उत्तर रेलवे
ई–टेंडरिंग
खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी – 10/2026–27, दिनांक 24.09.2026

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का नाम	लगभग लागत (रु.)	बोल प्रतिभूति (रु.)	पूर्ण होने की अवधि	बंद करने और खोलने की तिथि
1	30 विद्युत–10/2026–27 (ओपन टेंडर)	अंबाला डिवीजन के अंतर्गत नाभा और सुनाम उधम सिंह वाला में NSG-5 क्लास स्टेशनों पर मौजूदा FOB (फुट ओवर ब्रिज) के लिए रैंप बनाने; सुनाम ऊधम सिंह वाला और नाभा में मौजूदा प्लेटफॉर्म का विस्तार और उन्हें ऊँचा (हाई लेवल) करना, शंभू में मौजूदा प्लेटफॉर्म नंबर 2 को हाई लेवल तक ऊँचा करने; शंभू में 2 और सराय बंजारा स्टेशन पर 3 लिफ्ट लगाने; और फतेहगढ़ साहिब, बस्सी पठाना, नोगनवां, न्यू मोरिंडा, मोरिंडा, कुराली, मियांपुर, रूपनगर, घनाउली, भरतगढ़, कीरतपुर साहिब, नांगल डैम, रायमेहतपुर, ऊना हिमाचल, पनोह, चुरारू टकराला, अंब अंदौरा, चिंतपूर्णी मार्ग, दौलतपुर चौक, अंबाला सिटी, राजपुरा, सराय बंजारा, सरहिंद स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म पर टैक्टाइल गाइडिंग और वॉर्निंग टाइलें लगाने; अंबाला–लुधियाना सेक्शन पर साधुगढ़ स्टेशन पर पैसेंजर प्लेटफॉर्म नंबर 1 को रेल लेवल से हाई लेवल तक ऊँचा करने और उसे 600 मीटर तक बढ़ाने; अंबाला–लुधियाना सेक्शन पर चावापैल स्टेशन पर पैसेंजर प्लेटफॉर्म नंबर 1 को मीडियम लेवल से हाई लेवल तक ऊँचा करने और उसे 600 मीटर तक बढ़ाने; और ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट लगाने हेतु विद्युत कार्य।	रु. 1,75,64,642.31	रु. 3,51,300.00	06 महीने	16.10.2026

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN / TIN / GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

3332/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खबर संक्षेप

पदोन्नत असिस्टेंट की काउंसलिंग शुरू

पंचकूला। हरियाणा शिक्षा विभाग ने नव-पदोन्नत असिस्टेंट (फील्ड कैडर) को अस्थायी तैनाती देने के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र कर्मचारी 25 सितंबर शाम पांच बजे से 27 सितंबर रात 11:59 बजे तक स्कूलों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों में अपनी पसंद के स्टेशन प्राथमिकता क्रम में भर सकेंगे। विभाग की ओर से जारी नोटिस के अनुसार केवल पात्रता सूची में शामिल नव-पदोन्नत कर्मचारी ही ऑनलाइन काउंसलिंग में हिस्सा ले सकेंगे।

चुनाव आयोग कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका, धक्कामुक्की

■ प्रदर्शनकारियों के न मानने पर पुलिस ने छोड़ी वाटर कैनन

चंडीगढ़। सेक्टर-17 स्थित आरबीआई ऑफिस से चुनाव आयोग कार्यालय तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच धक्कामुक्की हुई। काफी देर तक समझाने के बाद भी जब कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं माने, तो पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। करीब 20 मिनट तक पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इसके बाद सभी को

हिरासत में ले लिया। चंडीगढ़ पुलिस ने नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, वरुण मौलाना, कर्मवीर बौद्ध के साथ आदित्य सुरजेवाला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदर्शन में शामिल अन्य विधायकों और सांसदों के साथ ही कार्यकर्ताओं हिरासत में लिया।

'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' क्विज में युवा दिखाएं अपना दम: ढांडा

■ 30 तक आवेदन कर सकेंगे युवा

चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 30वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2027 के तहत आयोजित की जा रही 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' क्विज प्रतियोगिता में प्रदेश के अधिकाधिक युवाओं और विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' की थीम पर किया जा रहा है। महोत्सव के प्रथम चरण की शुरुआत 'माई भारत पोर्टल' और 'माई जीओवी पोर्टल' के माध्यम से क्विज प्रतियोगिता द्वारा की गई है, जिसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित है।

भाजपा की तर्ज पर बूथ से पन्ने तक संगठन मजबूत करेगी कांग्रेस

20 बूथ पर एक मंडल बनाने की रणनीति तैयार

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा कांग्रेस ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र और हरियाणा मामलों के प्रभारी संजय दत्त ने प्रदेश के सभी जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं, जिला पदाधिकारियों और आम लोगों से फीडबैक लिया है। करीब 12 साल बाद पार्टी संगठन को बूथ, मंडल, ब्लॉक और जिला स्तर तक मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। पार्टी का लक्ष्य 2029 के विधानसभा चुनाव से पहले मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार करना है। संजय दत्त और राव नरेंद्र ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि संगठन को प्रदेश और जिला स्तर के साथ ब्लॉक, बूथ और निचले स्तर तक मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिलों में पदाधिकारियों ने संगठन की कमियों को स्वीकार करते हुए उन्हें दूर करने और कार्यकर्ताओं का सक्रिय कैडर तैयार करने का संकल्प लिया है। गुटबाजी के सवाल पर दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस एक बड़ा परिवार है और लोकतांत्रिक संगठन में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है।

कांग्रेस नेताओं के अनुसार बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर काम किया जाएगा। संजय दत्त और राव नरेंद्र ने बताया कि 20 बूथ पर एक मंडल बनाने की योजना है। पार्टी का मानना है कि बूथ स्तर पर संगठन की कमजोरी 2024 के विधानसभा चुनाव में हार के कारणों में से एक रही। इसी को देखते हुए अब बूथ से लेकर पन्ने तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने 17 जून को प्रदेश में 103 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की थी। करीब 12 साल बाद पार्टी ने इस स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं।

कार्यकर्ताओं को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

संजय दत्त की देखरेख में बूथ, मंडल, ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। प्रशिक्षण में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, महंगाई और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर पार्टी के रुख की जानकारी दी जाएगी। कार्यकर्ताओं को लोगों के बीच राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करने के लिए तैयार किया जाएगा।

पद्मश्री डॉ. देशवाल की पुस्तक 'भारतीय संस्कृति की अवधारणा' का विमोचन

चंडीगढ़। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया ने शुक्रवार को अपने सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में पद्मश्री एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतराम देशवाल द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतीय संस्कृति की अवधारणा' का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. देशवाल को नई साहित्यिक कृति के प्रकाशन पर बधाई देते हुए उनके दीर्घकालिक साहित्यिक व सांस्कृतिक योगदान की सराहना की।

राजकीय महाविद्यालय महम (रोहतक)
शुद्धिपत्र सूचना

राजकीय महाविद्यालय महम, रोहतक (हरियाणा) द्वारा 15.09.2026 को विभिन्न समाचार–पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना के संदर्भ में, एतद द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निविदा सूचना में निम्नलिखित शर्त जोड़ी जाएगी : **"सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी।"** निविदा सूचना के सभी अन्य नियम एवं शर्तें महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट : gcmeham.ac.in पर देखे जा सकते हैं।

हस्ता/– प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय महम
पीआरडीएच–1031/11/472/2027/49670/88/6 दि. 25.09.26 रोहतक

पराली जलाने की घटनाओं में 91% कमी

■ वायु प्रदूषण प्रबंधन टास्क फोर्स की बैठक

चंडीगढ़। हरियाणा में वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2025 में धान की पराली जलाने की घटनाओं में 91 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। राज्य में निर्धारित मानकों के अनुसार आवश्यक 81 बड़ी एवं मध्यम यांत्रिक रोड स्वीपिंग मशीनों में से 78 तैनात की जा चुकी हैं, जबकि 1,162 किलोमीटर चिन्हित सड़कों में से 675 किलोमीटर का पुनर्विकास कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही, राज्य में 1,309 औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण उपायों की निगरानी की जा रही है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण प्रबंधन संबंधी उच्च स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में भाग लेने के बाद यह जानकारी दी। मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए बहुआयामी एवं समन्वित रणनीति के तहत पराली प्रबंधन, सड़क धूल व औद्योगिक उत्सर्जन पर कार्रवाई की जा रही है।

उचानी में महिला किसानों को दिया प्रशिक्षण

करनाल। उद्यान विभाग, हरियाणा के मार्गदर्शन में संचालित उद्यान प्रशिक्षण संस्थान, उचानी करनाल में बागवानी क्षेत्र से जुड़ी महिला किसानों और उद्यमियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हो गया। 21 सितंबर से शुरू हुए इस पांच दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न महिला किसानों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर बारे जानकारी देते हुए उद्यान प्रशिक्षण संस्थान के प्राधानाचार्य डॉ. सतेंद्र यादव ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बागवानी फसलों की कटाई के बाद होने वाले भारी आर्थिक नुकसान को कम करना शामिल रहा।

उत्तर रेलवे
ई. निविदा
खुली निविदा संख्या 27–अम्बाला/2026–27 दिनांक 24.09.2026

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	C&W डिपो, BTI में वॉशिंग लाइन नंबर 1 और 2 की मरम्मत और पुनर्स्थापन के ज़रिए इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं को बेहतर बनाना।	89,45,273	1,78,900	08 महीने	19.10.2026
2	अंबाला डिवीज़न में नॉन–इंटरलॉक लेवल क्रॉसिंग (TVU 10000 और 20000 के बीच) पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट की व्यवस्था (32 लेवल क्रॉसिंग के लिए: BTI-SGNR लेवल क्रॉसिंग नंबर 18, 21, 23, 25, 26, 28,36, 44, 54, 60, 64, 79, 97, 99 और RPJ-BTI 30, 37, 46, 47, 57, 66, 73, 74, 77, 79, 82, 99, 109, 111, 112, 121, 125, 127)।	4,95,22,766	9,90,500	12 महीने	19.10.2026
3	सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/कालका सेक्शन में कालका (खासकर गर्मियों के दौरान) में पानी की ज़रूरत को पूरा करने के लिए ज़मीन के नीचे पानी की टंकी बनाना और DI पाइप बिछाना; इसमें कोटी टनल से कालका तक 1 डीप ट्यूबवेल को बदलना, पंप हाउस और ज़मीन के नीचे पानी की टंकी बनाना और DI पाइप बिछाना शामिल है।	1,85,20,944	3,70,400	12 महीने	19.10.2026
4	सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अंतर्गत सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य/संगरूर सेक्शन में जाखल–हिसार सेक्शन पर LHS नंबर 69–A, 69–C, 74–A और 78–A के लिए बेड को ऊंचा करना, ड्रेनेज की व्यवस्था में सुधार और LHS व उनके अप्रोच के जोड़ों (joints) का ट्रीटमेंट।	2,46,53,087	4,93,100	10 महीने	19.10.2026
5	(i) सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अंतर्गत राजपुरा–धुरी, लुधियाना–धुरी, धुरी–हिसार सेक्शन पर LHS (लेवल क्रॉसिंग सब–वे) पर संप वेल, रिचार्ज पिट, रिटेनिंग वॉल की मरम्मत, पॉइंटिंग, पेंटिंग, गाद निकालना/सफाई और अन्य विविध कार्य। (ii) विभिन्न स्टेशनों पर FOB (फुट ओवर ब्रिज) की मरम्मत और पेंटिंग, बठिंडा–धूरी सेक्शन पर ROB (रोड ओवर ब्रिज) की क्षतिग्रस्त सुरक्षा स्क्रीन की मरम्मत। (iii) बठिंडा–श्रीगंगानगर सेक्शन पर विभिन्न LHS और छोटे पुलों की मरम्मत और रखरखाव।	59,87,765	1,19,800	08 महीने	19.10.2026

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3344/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

घोषणा

एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य संबद्ध सेवाओं के पदों की भर्ती परीक्षा–2025 में पुलिस उप अधीक्षक के पदों के लिए शारीरिक माप परीक्षण का कार्यक्रम।

एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य संबद्ध सेवाएं मुख्य परीक्षा–2025 के परिणाम दिनांक 17.09.2026 की निरंतरता में, जिन्होंने पुलिस उप अधीक्षक के पद के लिए विकल्प चुना था और जो विज्ञापन सं. 22/2026 के अनुसार आयु–वार पात्र हैं उन शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि उनका शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) दिनांक 01.10.2026 (बृहस्पतिवार) को पूर्वा. 09:00 बजे हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्यालय बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला में आयोजित किया जाएगा। उक्त पीएमटी के लिए किसी भी परिस्थिति में कोई अन्य तिथि निर्धारित नहीं की जाएगी।

अतः निम्नलिखित अनुक्रमांक वाले उम्मीदवारों को शारीरिक माप परीक्षण के लिए उपरोक्त तिथि को उपस्थित होने के लिए निर्देश दिया जाता है।

100541	100617	100687	101686	101866	101927	101971	103918	105523	105712
106039	106693	109562	109852	110199	110544	110587	110732	110741	111419
111745	112545	112795	113291	113312	113943	114024	114775	116659	117164
117999	118110	118443	118767	119096	119336	119927	120009	120137	120736
121447	121455	121492	121493	121505	121603	121944	122151	122593	122842
123067	123284	124348	124414	124727	126521	127646	128041	130558	130813
132685	132838	132882	133052	135540	136619	136877	136904	137197	137596
139901	141067	145985	146193	146937	147279	147589	148628	149163	151631
152520	152612	152813	152861	153009	153267	153595	153709	153803	154515
155862	156177	156272	156500	157258	157461	158674	158833	159056	159601
159657	160074	160416	160463	161717	162541	162589	162843	163235	163417
163449	163452	163497	163855	165038	165058	165306	165565	166147	166624
166944	166993	167064	167141	167465	167543	167788	168269	168282	168420
168825	170448	170728	170961	171450	172908	173255	173371	173810	174026
174337	174365	174614	174620	174919	175466	175496	176161	176308	177018
177618	177904	179951	180136	180302	180791	181746	182283	182416	182417
182607	182671	183280	183499	183566	184236	184346	184593	184832	185220
185337	185880	186021	186076	186121	186424	187755	189708	191012	191069
191137	191347	192293							

इसके अतिरिक्त, यदि किसी उम्मीदवार ने ऑनलाइन आवेदन पत्र में डीएसपी के पद के लिए विकल्प दिया है, लेकिन उसका अनुक्रमांक उपरोक्त तालिका में अंकित नहीं है, तो उसे भी उपरोक्त तिथि एवं समय पर, पूर्वोक्त स्थान पर समर्थित दस्तावेजों के साथ अवश्य उपस्थित होना होगा।

उपरोक्त सभी उम्मीदवारों को इस परीक्षण के लिए अंतरिम रूप से बुलाया जा रहा है, जो सम्बद्ध विज्ञापन में वर्णित शारीरिक माप और आयु इत्यादि के सम्बन्ध में प्रावधानों के अनुरूप ही उनकी पात्रता की जांच किये जाने के अधीन है। हरियाणा पुलिस सेवा नियम, 2002 के मद्देनजर, पुलिस उप अधीक्षक के पद के लिए शारीरिक मानदंड उक्त विज्ञापन के प्वाइंट नं. 2 पर वर्णित है :-

क्र. सं.	श्रेणी	ऊंचाई	छाती	छाती का फुलाव
1.	पुरुष	5'7''(170.18 सेमी.)	33'' (83.82 सेमी.)	34½''(87.63 सेमी.)
2.	महिला	5'2'' (157.50 सेमी.)	लागू नहीं	लागू नहीं

***टिप्पणी** : हरियाणा पुलिस सेवा नियमों, 2002 के अनुसार, पुरुष उम्मीदवारों के लिए बिना फुलाव के छाती के माप के अतिरिक्त 1½'' (3.81 सेमी.) का छाती का फुलाव अनिवार्य है।*

जो उम्मीदवार शारीरिक माप परीक्षण से अनुपस्थित रहते हैं अथवा सम्बद्ध विज्ञापन के अनुरूप अपात्र पाए जाते हैं, उन पर उक्त भर्ती में डीएसपी के पद पर नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा। किसी उम्मीदवार का शारीरिक माप परीक्षण में शामिल होना उसे चयन प्रक्रिया में आगे बढ़ने का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता, यदि वह किसी भी स्तर पर अपात्र पाया जाता/जाती है। इस संबंध में आयोग द्वारा किसी भी व्यक्तिगत उम्मीदवार को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जा रही है।

सभी उम्मीदवारों को उक्त पीएमटी की तिथि को अपने साथ निम्नलिखित दस्तावेज अवश्य लाने चाहिएं :-

(i) सभी मूल दस्तावेज/प्रमाण–पत्र।
(ii) ऑनलाइन आवेदन पत्र तथा मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र की प्रति।
(iii) उम्मीदवार का एक फोटो आईडी प्रमाण, मूल रूप में।

टिप्पणी : यह घोषणा आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 25.09.2026
पीआरडीएच–1156/11/4/2027/49662/88/6 दि. 25.09.26

एशियन गेम्स : झज्जर की सुरुचि ने रेवाड़ी के कमलजीत के साथ मिलकर रचा इतिहास

चोट से पहलवानी छूटी, शूटिंग में जीता सोना

■ 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग मिक्स टीम इवेंट में हरियाणा के दोनों खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल

सुरुचि ने 13 साल की उम्र में ढाई महीने की थी पहलवानी, कॉलर बोन में चोट पर शूटिंग शुरू की

कोच के घर की छत पर बनी एकेडमी में अभ्यास कर कमलजीत ने साधा गोल्ड मेडल पर निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एशियन गेम्स में देश को एक और गोल्ड मेडल दिलाने वाली झज्जर के सासरौली गांव की सुरुचि सिंह की यह यात्रा आसान नहीं रही। सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग मिक्स टीम इवेंट में मुकाबले में रेवाड़ी के कमलजीत के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल की है। सुरुचि के पिता इंद्र सिंह ने बताया कि वह शुरुआत में अपनी बेटी को पहलवान बनाना चाहते थे। सुरुचि ने करीब 13 वर्ष की उम्र में कुश्ती का अभ्यास भी शुरू कर दिया था, लेकिन लगभग ढाई महीने बाद कॉलर बोन की चोट के कारण उसे कुश्ती छोड़नी पड़ी। साल 2018 में सुरुचि ने पहली बार शूटिंग में कदम रखा। वह अपने पिता और भाइयों के साथ सासरौली से भिवानी की शूटिंग अकादमी तक ट्रेन से जाती थीं। अब 20 साल की उम्र में वह जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड और कई वर्ल्ड कप गोल्ड जीत चुकी हैं। उन्होंने बताया कि क्वालिफिकेशन राउंड और फाइनल मैच के बीच सुरुचि से बातचीत हुई थी। उसने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा था कि वह मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देगी और फाइनल में आकर देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर लौटेगी। जीत के तुरंत बाद उन्होंने घर फोन करके कहा मैंने कर दिखाया। परिवार अब ढोल-नगाड़ों के साथ सुरुचि के भव्य स्वागत और उनके पसंदीदा 'चूरमे' की तैयारी में जुटा है। वहीं, परिवार जीत के बाद खाटू श्याम के दर्शन करने भी गया।

झज्जर। सुरुचि को आशीर्वाद देते परिजन।

रेवाड़ी। कमलजीत के गोल्ड जीतने पर डांस करते हुए परिवार के सदस्य व ग्रामीण।

शॉट पुट में मेडल जीतने वाली तीसरी खिलाड़ी बनी अंबाला की मनप्रीत कौर

एशियन गेम्स 2026 में महिला शॉटपुट के फाइनल मुकाबले में भारत की अनुभवी एथलीट मनप्रीत कौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। 36 वर्षीय मनप्रीत ने अपने चौथे प्रयास में 17.17 मीटर का थ्रो कर पदक सूची में जगह बनाई। इसके साथ ही वे एशियाई खेलों में शॉट पुट में पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। जबकि भारत की कृष्णा जयशंकर मेनन 16.57 मीटर के साथ 5वें स्थान पर रहीं। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और एथलेटिक्स हरियाणा के वरिष्ठ पदाधिकारियों डॉ. ललित के भनोट, बहादुर सिंह सागू, रवींद्र चौधरी, मधुकांत पाठक, आदिल सुमारीवाला, राजकुमार मिटान, दिलबाग सिंह और प्रदीप मलिक ने मनप्रीत कौर को इस ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी है।

पैर टूटने पर एथलीट से शूटर बने कमलजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव सुलखा के युवा शूटर कमलजीत उर्फ आकाश ने एशियन गेम्स में देश को सोना दिलाकर गांव का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर दिया है। भारतीय सेना में हवलदार रहे मातादीन के बेटे रतिराम के ज्येष्ठ पुत्र कमलजीत का जन्म साधारण किसान परिवार में हुआ। पिता ने खेतीबाड़ी से ही किसी तरह बेटे की प्रैक्टिस जारी रखी। कमलजीत का पहले एथलिट बनने का सपना था, लेकिन चोट की वजह से उन्होंने बाद में शूटिंग को चुना। पिता और चाचा दिनेश ने उसका हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कोच के रूप में गांव के शक्तिपाल का मार्गदर्शन मिला तो यह साधारण सी नजर आने वाली प्रतिभा देखते ही देखते असाधारण हो गई। वर्ष 2019 में कमलजीत ने शूटिंग का सफर शुरू किया। कमलजीत इस समय एलपीयू से एमएससी की पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि छोटा भाई अनमोल एसएससी की तैयारी में लगा हुआ है।

कमलजीत।

पिता रतिराम ने बताया कि वर्ष 2019 में ऑटो पलटने के बाद कमलजीत के पैर में फ्रैक्चर आ गया था। डॉक्टरों ने 20 दिन का बेड रेस्ट दिया था। इसके बाद कमलजीत ने घर के कमरे में ही टारगेट लगाकर प्रैक्टिस करना जारी रखा। बेड से निरंतर निशाना साधने का अभ्यास करता रहा।

कोच शक्ति फ्री दे रहे बच्चों को कोचिंग

घर की छत पर 35 बच्चों को शूटिंग की मुफ्त कोचिंग दे रहे शक्तिपाल की मेहनत को कमलजीत की सफलता में सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शक्तिपाल ने अपने दोस्त राजगढ़ निवासी राकेश के साथ उसकी एकेडमी में खुद शूटिंग सीखी। शहर की एक एकेडमी बंद होने के बाद शक्तिपाल ने घर में ही कोचिंग एकेडमी बनाई। बिना शुल्क बच्चों को कोचिंग देने का सफर शुरू किया। आर्थिक तंगी के चलते शूटिंग के लिए पिस्टल तक खरीदने में दिक्कतें आईं। एक कंपनी ने सीएसआर फंड से मदद की तो शक्तिपाल शूटिंग में ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए पूरी तरह लग गए। उनका मानना है कि उन्हें कमलजीत में देश के लिए कुछ कर गुजरने की ललक तो साफ दिखाई दे रही थी, परंतु इतना बड़ा मुकाम हासिल करने के बारे में सोचा तक नहीं था।

केलों की आड़ में छिपाया था 8 क्विंटल डोडा पोस्त

नशा तस्कर के ट्रक ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर आरोपी समेत 3 की मौत

कैथल। दुर्घटना में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ ट्रक।

रामनिवास

अनिल कुमार

■ कैथल में दिल्ली कटरा एक्सप्रेस वे पर हादसा, ट्रक के नीचे मरम्मत कर रहे मिस्त्री और चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत/कैथल

दिल्ली कटरा एक्सप्रेस वे पर गुरुवार देर रात हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में गांव खरक पांडवा का ट्रक मिस्त्री रामनिवास, ट्रक चालक जींद निवासी अनिल कुमार और दूसरे ट्रक का चालक शामिल है। इस हादसे में केलों की आड़ में नशा तस्करी का भी खुलासा हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर गुरुवार को दिल्ली से आ रहे ट्रक में खरक पांडवा टोल प्लाजा के पास पहुंचने पर कोई तकनीकी खराबी हो गई। ट्रक चालक अनिल ने स्थानीय मिस्त्री को मौके पर बुलाया। मिस्त्री रामनिवास व चालक अनिल ट्रक के नीचे घुसकर उसे ठीक कर रहे थे और ट्रक मिस्त्री का हेल्पर अमित बाहर से लाइट दिखा रहा था। दिल्ली की ओर से ही केलों से भरे तेज गति से आ रहे ट्रक ने खराब खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि केलों से भरे ट्रक के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में ट्रक को ठीक कर रहे मैकेनिक रामनिवास व चालक अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। केलों से भरे ट्रक के चालक के शव को पुलिस ने लोहे को काट कर बाहर निकाला।

कलायत थाना प्रभारी अमन ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस को केलों के नीचे कुछ फटे हुए सफेद कट्टे नजर आए। जब देखा तो कच्चे केलों के नीचे 40 कट्टों में 8 क्विंटल डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है कि यह डोडा पोस्त कहां से आया और कहां भेजा जा रहा था। चालक की मौत हो चुकी है और उसकी पहचान के लिए पुलिस कार्य रही है।

अमेरिका से लौटकर कर रहा था मिस्त्री का काम

कलायत। दिल्ली कटरा हाईवे पर हुए सड़क हादसे में जिन दो मृतकों रामनिवास व अनिल कुमार की पहचान हुई है वे दोनों ही परिवार में अकेले ही कमाने वाले थे। गांव खरक पांडवा निवासी रामनिवास एक पेट्रोल पंप के पास गैराज चला रहा था। रामनिवास बीच में अमेरिका चला गया था और चार महीने पूर्व ही वापिस आया था। भाई की करीब दो माह पूर्व मौत हो गई थी और रामनिवास अकेला ही गैराज चलाकर अपने व अपने भाई के परिवार को पाल रहा था। राम निवास के परिवार में बूढ़ी मां, पत्नी और दो छोटे बेटे हैं। वहीं, मृतक अनिल के चाचा कुलदीप ने बताया की अनिल परिवार में अकेला ही कमाने वाला था। परिवार में पत्नी, एक छोटी बेटी और बेटा है।

गणपति विसर्जन के दौरान 3 युवक डूबे, दो के शव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में गणपति की प्रतिमा के विसर्जन के दौरान एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। शुक्रवार की शाम रोहद गांव के निकट एनसीआर माइनर में मूर्ति विसर्जन के दौरान तीन युवक डूब गए। कई घंटे की मशक्कत के बाद अजय और नितेश के शव बरामद कर लिए गए, जबकि एक अन्य युवकों शिवकांत की तलाश में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम देर रात तक जुटी रहीं। हादसा शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ।

जानकारी के अनुसार, रोहद में किराये पर रहने वाले प्रवासी मूल के कुछ युवक गणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए एनसीआर माइनर पर पहुंचे थे। इसी दौरान एक युवक पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए उसके 2 साथियों ने भी माइनर में छलांग लगा दी, लेकिन वे भी डूब गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सर्च अभियान शुरू किया। करीब आठ बजे काफी मशक्कत के बाद अजय का शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद कर लिया गया। मृतक अजय मध्यप्रदेश का रहने वाला था। वहीं, करीब सवा दस बजे दूसरे युवक नितेश का शव भी बरामद हो गया, लेकिन तीसरे युवक की तलाश की जा रही है।

दादरी में मुख्य सिपाही 20 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

चरखी दादरी। एसीबी दादरी की टीम ने शुक्रवार को दादरी सदर थाने में तैनात मुख्य सिपाही सचिन कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। ब्यूरो के निरीक्षक फतेह सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता रवि कुमार वर्कशाप में मैनेजर हैं, उनकी वर्कशाप में 17 सितंबर को कार सर्विस के लिए आई थी। कार की ट्राई लेने के दौरान मैकेनिक परमजीत की लोहारू रोड पर बाइक से टक्कर हो गई थी। इस संबंध में दादरी सदर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसी मामले में परमजीत को जांच में रियायत देने की एवज में जांच अधिकारी मुख्य सिपाही सचिन ने शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की मांग की थी। यह राशि लेते हुए उसे एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया।

नेता से 3 करोड़ मांगने का आरोपी मलेशिया से डिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

एसटीएफ ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े 21 साल के मोस्टवांटेड गैंगस्टर रवि उर्फ एलियंस उचानी को मलेशिया से डिपोर्ट करवाकर गिरफ्तार किया है। आरोपी करनाल के पास स्थित उचानी गांव का रहने वाला है। वह 2024 से फरार था। एसटीएफ के डीआईजी सुरिंद्र पाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ फिलहाल 3 केस दर्ज हैं। इनमें रंगदारी और एक्सटॉर्शन से जुड़े मामले शामिल हैं। जांच टीम के मुताबिक रवि उचानी मलेशिया में रहकर फोन पर लोगों को धमकी देकर रंगदारी मांगता था। रांची के एक कारोबारी से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। राजस्थान में एक पूर्व विधायक से करीब 3 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने की बात सामने आई है। रांची मामले की जांच के दौरान आरोपी की हरियाणवी बोली से पहचान का सुराग मिला है। जांच टीम ने बताया कि कुरुक्षेत्र में दर्ज मामले में आरोपी के 4 साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इन आरोपियों से हथियार भी बरामद

हुए थे। रवि इस मामले में पांचवां आरोपी है। रवि का संपर्क सुनील मीणा नाम के व्यक्ति से भी था, जो फिलहाल भारत की जेल में बंद है। रवि को मलेशिया से डिपोर्ट करवाने की प्रक्रिया में इंटरपोल और केंद्रीय एजेंसियों समेत अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की मदद ली गई। मलेशिया से भारत लाने के बाद आरोपी को एयरपोर्ट से कोर्ट में पेश किया गया। अब पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पूछताछ में उसके संपर्कों, अन्य वारदातों और नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। डीआईजी ने बताया कि रवि 21 साल का है। गलत संगति में पड़ने के बाद अपराध की ओर बढ़ा। वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े सुनील मीणा के संपर्क में आया था।

फर्जीवाड़ा वेतन अटैच होने पर करवाया केस

एएसआई के दस्तावेज लगा धोखे से खोली फर्म, 18 साल बाद खुला राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में एक पुलिसकर्मी के राशन कार्ड और पहचान संबंधी दस्तावेजों का कथित तौर पर दुरुपयोग कर फर्जी फर्म का रजिस्ट्रेशन कराने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अज्ञात लोगों ने 2008 में उसके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर एमएस यमुना सेल्स कॉरपोरेशन नाम से फर्म का पंजीकरण कराया और उसके नाम पर वैट नंबर भी हासिल कर लिया। करीब 18 साल बाद जब इस फर्जी फर्म से जुड़े पुराने टैक्स मामले में कार्रवाई हुई और पुलिसकर्मी के बैंक खाते फ्रीज कर वेतन अटैच करने की कार्रवाई शुरू हुई तब उसे पूरे मामले की जानकारी हुई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, एएसआई कर्मजीत सिंह ने बताया कि वह हरियाणा पुलिस में एएनसी स्टाफ पंचकूला में तैनात है। उन्हें हाल ही में पता चला कि कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी जानकारी और सहमति के बिना उनके राशन कार्ड तथा अन्य पहचान संबंधी दस्तावेजों का कथित रूप से गलत इस्तेमाल कर एक फर्म का पंजीकरण कराया गया। उसने बताया कि उन्होंने न तो कभी यह फर्म बनाई और न इसके कारोबार से उनका कोई लेना देना रहा। जुलाई 2026 में टैक्स अधिकारियों ने उनके बैंक खातों को फ्रीज करने और उनकी सैलरी अटैच करने जैसी रिकवरी कार्रवाई शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

भिवानी में 80 वर्षीय वृद्धा की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

गांव धनाना में शुक्रवार को एक बुजुर्ग महिला की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने का मामला सामने आया है। इसी दौरान ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसके बेटे को भी चोटें आई हैं। दोनों को उपचार के लिए भिवानी के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। मृतक महिला की पहचान भिवानी के गांव धनाना निवासी करीब 80 वर्षीय प्यारी व उसके बेटे करीब 36 वर्षीय राजेश के रूप में हुई है। भिवानी के एसपी मयंक मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। प्राथमिक जांच के अनुसार जमीनी विवाद को लेकर यह घटना हुई। ट्रैक्टर की चपेट में महिला आ गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। जैसी परिवार वालों द्वारा शिकायत दी जाएगी उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा सरकार

स्तनपान जागरूकता

माँ का दूध - बच्चे का पहला टीका, पहला आहार और पहला प्यार

माँ के लिए लाभ
- गर्भाशय को जल्दी सामान्य होने में मदद करता है
- स्तन एवं अंडाशय के कैंसर का खतरा कम करता है
- वजन कम करने में मदद करता है
- आर्थिक बचत - दूध हमेशा स्वच्छ, सुरक्षित और उपलब्ध
- माँ और शिशु के बीच भावनात्मक जुड़ाव बढ़ाता है

बच्चे के लिए लाभ
- शिशु को बीमारियों से बचाने में सहायक प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रदान करता है
- मस्तिष्क के विकास में सहायक
- सही पोषण - हर पोषक तत्व उचित मात्रा में
- पाचन में आसान - एलर्जी, दस्त और संक्रमण का खतरा कम
- सुरक्षित, स्वच्छ और हमेशा तैयार आहार

कब और कैसे करवाएं स्तनपान ?
- जन्म के एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान करवाएं
- शिशु को पहले 6 माह तक केवल माँ का दूध पिलाएं
- 6 माह के बाद उपयुक्त पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखें
- शिशु को 2 वर्ष या उससे अधिक उम्र तक स्तनपान कराएं

स्तनपान कराने वाली माँ के लिए आवश्यक सुझाव
- स्वस्थ और पौष्टिक भोजन करें
- पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लें
- पर्याप्त आराम करें
- धूम्रपान, शराब और किसी भी नशीले पदार्थ से दूर रहें
- स्तनपान कराने से पहले हाथ साफ करें
- परिवार का सहयोग और प्रोत्साहन लें

माँ का दूध, अनमोल है - इसे अपनाएँ, बच्चे का भविष्य सुरक्षित बनाएं

सशक्त महिला । सुरक्षित बचपन । समृद्ध परिवार । विकसित हरियाणा
अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.wcdhry.gov.in
हमसे जुड़ें

महिला हेल्पलाइन 181
महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा
चाइल्ड हेल्पलाइन 1098

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

वित्त मंत्री सीतारमण ने विपक्ष की आलोचना को किया खारिज

यूपीआई एमडीआर कोई कर या अधिभार नहीं, उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा बोझ

एमडीआर डिजिटल भुगतान व्यवस्था के भीतर लगाया जाने वाला शुल्क है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित मर्चेन्ट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर विपक्ष की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि यह न तो कर है, न उपकर और न ही अधिभार। उन्होंने कहा कि इससे मिलने वाला एक भी पैसा सरकार को नहीं मिलेगा और न ही इसका कोई उपभोक्ताओं पर बोझ पड़ेगा। सीतारमण ने कहा कि एमडीआर डिजिटल भुगतान व्यवस्था के भीतर लगाया जाने वाला शुल्क है और इसे यूपीआई लेनदेन की सुविधा देने वाले भुगतान सेवा प्रदाता, व्यापारी का बैंक तथा इस व्यवस्था से जुड़े अन्य भागीदार लेते हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 अक्टूबर से कारोबारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया गया है।

मिलने वाला एक भी पैसा सरकार को नहीं मिलेगा

भुगतान पर अधिकतम शुल्क 300 रुपये होगी

वहीं, 75,000 रुपये या इससे अधिक के भुगतान पर यह शुल्क अधिकतम 300 रुपये होगा। व्यक्ति-से-व्यक्ति लेनदेन और छोटे भुगतान को शुल्क से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा, ''यह कर नहीं है, यह उपकर नहीं है और न ही अधिभार है। इससे मिलने वाली राशि भारत की संचित निधि में नहीं जाएगी।''

राशि यूपीआई से जुड़े बैंकों और अन्य संस्थाओं में बांटी जाएगी

वित्त मंत्री ने कहा कि इससे प्राप्त राशि यूपीआई से जुड़े बैंकों और अन्य संस्थाओं के बीच बांटी जाएगी। सूत्रों ने कहा कि कुल एमडीआर में से 40 प्रतिशत राशि ग्राहक के बैंक, 30 प्रतिशत भुगतान सेवा प्रदाता, 20 प्रतिशत यूपीआई ऐप और शेष 10 प्रतिशत राशि यूपीआई ऐप के प्रायोजक बैंक को मिलेगी।

डिजिटल भुगतान में सुधार करने मिलेगी मदद

वित्त मंत्री ने कहा कि एमडीआर का बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा और इसका भुगतान व्यापारी भुगतान व्यवस्था के भीतर ही किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि शुल्क को भुगतान व्यवस्था से जुड़े भागीदारों के बीच बांटा जाएगा, जिससे प्रौद्योगिकी ढांचे को बनाए रखने तथा डिजिटल भुगतान में सुधार और नवोन्मेष को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

एमडीआर का सरकार से कोई लेना-देना नहीं

वित्त मंत्री ने कहा, ''इसका सरकार से बिल्कुल कोई लेना-देना नहीं है।'' उन्होंने कहा कि एमडीआर व्यवस्था में एनपीसीआई, व्यापारी, बैंक और अन्य सेवा प्रदाता शामिल हैं। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि व्यापारी पहले से ही क्रेडिट और डेबिट कार्ड से किए गए लेनदेन पर एमडीआर का भुगतान करते हैं। इसलिए नई व्यवस्था को उपभोक्ताओं पर लगाए जाने वाले शुल्क के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

खरीदारी आने से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 315 अंक चढ़ा

■ सेंसेक्स तीन महीने से अधिक निचले स्तर पर आ गया था

एजेंसी ▸▸ मुंबई

हाल की तेज गिरावट के बाद शुक्रवार को बैंकिंग, तेल एवं गैस तथा वाहन कंपनियों में निचले स्तर पर खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 315 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 77 अंक की सुधार आया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 315.20 अंक बढ़कर 73,895.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 73,968.05 अंक के ऊपरी और 73,477.77 अंक के निचले स्तर तक गया। सेंसेक्स के 19 शेयर बढ़त में रहे जबकि 11 गिरकर बंद हुए। निफ्टी भी 77.40 अंक बढ़कर 23,140.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.82 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.24 प्रतिशत, एशियन पेंट्स में 1.93 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 1.21 प्रतिशत, एचसीएल टेक में 1.17 प्रतिशत और टाइटन में 1.01 प्रतिशत की बढ़त रही। दूसरी तरफ, ट्रेंट का शेयर 1.41 प्रतिशत गिरा।

सोने की चार दिन से जारी गिरावट थमी, 200 रुपये मजबूत रहा

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 200 रुपये की मामूली बढ़त के साथ 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इसके साथ सोने की लगातार चार सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के नरम पड़ने से निवेशकों को उतार-चढ़ाव भरे सप्ताह के बाद कुछ राहत मिली। सर्राफा कारोबारियों के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले सत्र में 1,52,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। व्यापारियों ने बताया कि निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी से लगातार चार सत्रों की गिरावट के बाद सोने की कीमतों में सुधार हुआ। हालांकि, सप्ताह के दौरान सोने की कीमत में 4,000 रुपये यानी 2.5 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि चांदी की कीमत में 10,000 रुपये यानी 4 प्रतिशत की कमी आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''शुक्रवार को सोने की कीमत में सुधार देखा गया क्योंकि कीमती धातुओं के लिए कुछ मुख्य चुनौतियां कम हुई।

डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे चढ़कर 95.80 पर

मुंबई (भाषा)। वैश्विक स्तर पर जोखिम धारणा में सुधार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप के बीच शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 95.80 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि स्थानीय आयातकों की ओर से डॉलर की मांग, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त रुख ने रुपये की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.92 पर खुला। कारोबार के दौरान रुपया फिसलकर 95.94 के निचले स्तर तक आ गया, लेकिन बाद में इसने वापसी की और पिछले बंद भाव के मुकाबले 19 पैसे की बढ़त दर्ज करते हुए 95.80 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे टूटकर 95.99 पर बंद हुआ था।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला — लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

मीन — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

प्रेस विज्ञप्ति

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारियां, रोहतक में लोअर स्कूल कोर्स 2025 दिनांक 13.09.2026 से दिनांक 21.01.2027 तक चलाया जा रहा है जिसमें लगभग 1300 पुरुष/महिला प्रशिक्षणार्थी शामिल है, इन प्रशिक्षणार्थियो के लिए लोअर टी शर्ट खुले तौर पर खरीददारी हेतु जन साधारण, सम्बन्धित ठेकेदारों सम्बन्धित व्यापारियों/दुकानदारों को दिनांक 28.09.2026 को सुबह 11.00 बजे के लिए पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारियां में खुली निविदा के माध्यम से पुलिस जवानों के लिए लोअर टी शर्ट कम रेट एंव अच्छी क्वालिटी में विक्रय हेतु सभी सम्बन्धित को आमंत्रित किया जाता है। जिसमें उपरोक्त बोली में भाग लेने वाले बोलीदाताओं को सिक्योरिटी के तौर पर 10000/-रू० जमा कराने होंगे।

जिस ठेकेदार/व्यापारी का सामान अर्थात लोअर टी शर्ट अच्छी क्वालिटी में एवं कम से कम रेट में होगी, को पुलिस प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति में खुले तौर पर खरीद की जाएगी। इस कार्य के लिए श्री विकास कृष्ण, ह.पु.से. उप पुलिस अधीक्षक, पी.टी.सी. सुनारियां के सुपरविजन में निम्नलिखित सदस्यों पर आधारित कमेटी का गठन किया गया है-

1 निरीक्षक पदम सिंह, न. आई.आर.बी./7 — अध्यक्ष
2 उ. नि. सुशील कुमार न. 1105 / भिवानी — सदस्य
3 स.उ.नि. राजेन्द्र कुमार न. 350 / रोहतक — सदस्य

पीआरडीएच-1084/11/5389/2027/49633/88/6 दि. 25.09.2026

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा, अभियांत्रिकी, खरीद एवं निर्माण (EPC) निविदा (एकल चरण दो–पैकेट प्रणाली) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा का तरीका	E-Tender (Two Packet)
निविदा सूचना संख्या	133-W/Dy. CE/C/UMB/2026-27
कार्य का नाम एवं स्थान	इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (EPC) मोड पर अंबाला डिवीजन के बठिंडा रेलवे स्टेशन का इंटीग्रेटेड री–डेवलपमेंट।
अनुमानित/निदेषात्मक परियोजना लागत	रुपये 95,89,00,000.00 (रुपये पंचानवे करोड़ नवासी लाख मात्र।)
कार्य निष्पादन की अवधि	36 (छत्तीस) माह
जमा की जाने वाली जमानती राशि	रुपये 1,91,78,000.00 (रुपये एक करोड़ इक्यान्वे लाख अठहत्तर हजार मात्र।)
ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा दस्तावेज 15:00 बजे दिनांक 24.09.2026 से 03.11.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
पूर्व–बोली सम्मेलन एवं माध्यम	06.10.2026 को 11.30 बजे VC लिंक के ज़रिए ऑनलाइन या Dy. CE/C/UMB ऑफिस में व्यक्तिगत रूप से। VC लिंक और अन्य जानकारी टेंडर डॉक्यूमेंट में दी गई है।
निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय	03.11.2026 को 15:00 बजे तक, निविदाकर्त्ता द्वारा 20.10.2026 से 03.11.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है।
ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय	दिनांक 04.11.2026 को 11.00 बजे। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है।

Tender Notice No.:- 133–डब्ल्यू/उप.मु.अभि.नि./अ.छा./2026–27, Dated:- 24.09.2026 3349/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचएसएएमबी रोहतक	गुरूग्राम में किसान भवन बिल्डिंग में 160 केवीए डीजी सैट, 160 केवीए सर्वो वोल्टेज स्टेबिलाइजर, एयर कंडीशनिंग और कैम्पस लाइटिंग का प्रावधान + 1 कार्य।	24.09.2026 01.10.2026	75,15,159/-	https://etenders.hry.nic.in	9812100311 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/49647/I/88/6 दि. 25.09.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	सर्विस क्लब, एम.सी. रोहतक की मरम्मत और पुनरोद्धार हेतु आकलन।	24.09.2026 01.10.2026	21 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/49653/I/88/6 दि. 25.09.26

पूर्व रेलवे

ई–निविदा सं.: ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–468, दिनांक 23.09.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: (I) ''साहिबगंज के क्रू लॉबी एवं रनिंग रूम के विस्तार एवं मौजूदा क्रू लॉबी और रनिंग रूम के नवीनीकरण'' के संबंध विद्युत कार्य। (II) ''बड़हरवा, मणिग्राम, तिलडंगा रनिंग रूम के नवीनीकरण/रूपांतरण और एनटीपीसी–फरक्का एवं गनकर रनिंग रूम में सुविधाओं की उन्नति'' के संबंध विद्युत कार्य। निविदा मूल्य: रु.98,73,881.31, बयाना राशि: रु. 1,97,500/–, निविदा कागजात का मूल्य : शून्य। ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय: दिनांक 01.10.2026 से 15.10.2026 को 15.30 बजे तक। वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: वेबसाइट: www.ireps.gov.in एवं सूचना पट: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-200/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि/ समय
ADVT-UMB- YJUD-OSN-375-26-1	यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 720 वर्ग फुट का स्थल (स्थल योजना के अनुसार)	05.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- JUDW-OSN-374-26-1	जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल आर.डी.एन. के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 360 वर्ग फुट का स्थल (स्थल योजना के अनुसार)	05.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- PTA-OH-385-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के राजपुरा–धुरी खंड में समपार फाटकों/ आर.यू.बी./ एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 08 साइटों, जिनमें यूनिपोल/ होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 1152 वर्ग फुट है।	09.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- SASN-OH-389-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के मोहाली/ खरड़ खंड में समपार फाटकों/ आर.यू.बी./ एल.एच.एस. पर स्थित यूनिपोल/ होर्डिंग वाले 29 स्थलों का कुल विज्ञापन क्षेत्र 6346 वर्ग फुट है।	09.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- CDG-OH-383-26-1	स्थल योजना के अनुसार, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के निकास मार्ग (मुख्य पक्ष) पर 18' x 8' माप के यूनिपोल/ होर्डिंग के माध्यम से विज्ञापन के लिए कुल 09 स्थल तथा 50'x8' माप की एक गैन्ट्री है, जिनका कुल क्षेत्रफल 1696 वर्ग फुट है।	09.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- KARR-OH-388-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल खरड़ फतेहगढ़ साहिब एवं खरड़–लाल कलां खंड में समपार फाटकों/ आर.यू.बी./ एल.एच.एस. पर स्थित यूनिपोल/ होर्डिंग वाले 26 स्थलों का कुल विज्ञापन क्षेत्र 3748 वर्ग फुट है।	09.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- LHA-OH-386-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के लहरागागा गुरने खंड में समपार फाटकों/ आर.यू.बी./ एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 08 साइटों, जिनमें यूनिपोल/ होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 1440 वर्ग फुट है।	09.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- ABS-OH-390-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के बठिंडा–अबोहर खंड में समपार फाटकों/ आर.यू.बी./ एल.एच.एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 04 साइटों, जिनमें यूनिपोल/ होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 576 वर्ग फुट है।	09.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- KARR-OSN-381-26-1	खरड़ रेलवे स्टेशन पर 225 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 09 विज्ञापन बोर्डों, समराला में 210 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 08 विज्ञापन बोर्डों तथा न्यू मोरिंडा रेलवे स्टेशन पर 510 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 17 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) (स्थल योजना के अनुसार)।	09.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB- KARR-OSN-381-26-1	धूरी रेलवे स्टेशन पर 140 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 16 विज्ञापन बोर्डों, संगरूर में 87.5 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 10 विज्ञापन बोर्डों तथा सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 35 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल वाले 04 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन (नॉन–डिजिटल) (स्थल योजना के अनुसार)।	09.10.2026 12.00.00 hrs

नीलामी/ लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेब साईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3355/2026

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR

विज्ञापन संख्या: R/10/2026 दिनांक 19 अगस्त 2026

संस्थान डॉ. बी. सी. रॉय मल्टी-स्पेशलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर में निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :
(i) ट्रेनर (अनुबंध पर)
(ii) केंद्र प्रबंधक (अनुबंध पर)
विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए (http://www.iitkgp.ac.in >> Jobs >> Temporary Jobs) पर जाएं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 10.10.2026
CBC-21255/11/0009/2627 कुलसचिव / Registrar

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मनीष मनसुखानी उर्फ तोशी जयरत्नम पुत्र** गुलाब राय मनसुखानी **पता:** मकान नं. एफ–329, मैक्स हाइट सोसाइटी, टीडीआई कुंडली, सोनीपत, **हरियाणा FIR No. 508/2022, U/s: 419/420/467/468/471/34/ 120B/174A IPC, पुलिस थाना: फतेहपुर बेरी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष मनसुखानी उर्फ तोशी जयरत्नम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष मनसुखानी उर्फ तोशी जयरत्नम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मनीष मनसुखानी उर्फ तोशी जयरत्नम FIR No. 508/2022, U/s: 419/420/467/468/471/34/ 120B/174A IPC, पुलिस थाना: फतेहपुर बेरी दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिवली तलवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01 (दक्षिण)
कमरा नंबर 214,
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/13137/SD/2026
(Court Matter)

रजिस्ट्री संख्या डी. एल.–33004/99 Regd. No.: DL-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–22092026–276401
CG-DL-E-22092026-276401
असाधारण
EXTRAORDINARY,
भाग-II, खण्ड 3-उप खण्ड (ii)
PART II, Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4998] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 22, 2026/भाद्र 31, 1948
No.4998] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 22, 2026/BHADRA 31, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)] अधिसूचना
नई दिल्ली, 22 सितम्बर, 2026

का.आ. 5204(अ).– केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि लोक प्रयोजन के लिए, ऐसी भूमि का, जिसका संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, हरियाणा राज्य के करनाल जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात, **''दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि0मी0) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना''** के निष्पादन, अनुरक्षरण, प्रबंधन और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अपेक्षित है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के लिए अपने आशय की घोषणा करती है;

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिन की अवधि के भीतर, उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के अर्जन और उपयोग के संबंध में आक्षेप कर सकेगा;

प्रत्येक ऐसा आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला राजस्व अधिकारी, करनाल को लिखित में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को या तो व्यक्तिगत रूप से या विधिव्यसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने, तथा ऐसी और जांच, यदि कोई हो, करने के पश्चात, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा, या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा;

उक्त अधिनियम की धारा 20घ उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा;

इस अधिसूचना के अधीन आनेवाली भूमि का रेखांकन और अन्य ब्योरे उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपयुक्त कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है।

अनूसूची

हरियाणा राज्य के जिला करनाल में विशेष रेल परियोजना, अर्थात, **''दिल्ली–पानीपत–अंबाला (198 कि0मी0) के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन परियोजना''** का निर्माण करने के लिए अधिग्रहण की जाने वाली भूमि का अवसंरचना सहित या उसके रहित संक्षिप्त विवरण।

क्र0 सं0	तहसील	ग्राम	खसरा संख्या	अर्जन हेतु रकबा (हे0 में)
1	अंबाला छावनी	मोहरा	65//16	0.0014
2			65//25	0.0143
3			77//5	0.0234
4			77//6	0.0266
5			77//15	0.0300
6			77//17	0.0165
7			77//16	0.0097
8			77//24	0.0274
9			85//4	0.0281
10			85//7	0.0071
		कुल		**0.1846**
1	अंबाला छावनी	शाहपुर	18//1	0.0686
2			18//10	0.1487
3			18//11/2/1	0.1019
4			18//11/2/2	0.0457
5			18//20/1/1	0.0192
6			18//20/1/2	0.0192
7			18//19/2	0.0633
8			18//19/1/1	0.0815
9			18//19/1/2	0.0815
10			18//22	0.0744
11			163	0.0229
12			28//2	0.0694
		कुल		**0.7963**
1	अंबाला छावनी	नन्हेडा	23//1	0.0042
2			20//21	0.0171
		कुल		**0.0213**

3343-2026 [फा. सं. 190-W/Land/TKJ/DLI-UMB]
शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

शब्द पहेली - 6359



बाएँ से दाए
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

शब्द पहेली- 6358 का हल





खबर संक्षेप

योगी ने दीनदयाल की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य और राष्ट्रवादी चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तर प्रदेश सरकार की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने यहां अपने सरकारी आवास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।

लद्दाख यातायात पुलिस की पोशाक बदली

लेह/जम्मू। लद्दाख यातायात पुलिस ने उपराज्यपाल सक्सेना की मंजूरी के बाद पुरानी आसमानी नीले रंग की पोशाक की जगह अब सफेद रंग की वर्दी अपना ली है। यह बदलाव यातायात कर्मियों को आसानी से देखा जा सके और केंद्र शासित प्रदेश में सड़कों पर ड्यूटी के दौरान पुलिस बल को स्मार्ट, साफ-सुथरा और एक समान रूप देने के उद्देश्य से किया गया है।

यूपी में 24 घंटे से बारिश जारी, सिक्किम और दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड से तबाही

चक्रवात से ओडिशा में अब बाढ़ का खतरा, 15 हजार को किया शिफ्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/पटना/लखनऊ

देश के कई राज्यों में मानसून अभी भी कहर बरपा रहा है। बंगाल की खाड़ी से उठा अर्नब चक्रवात अब कमजोर पड़ गया है। इसके कारण यूपी के 50 शहरों में 24 घंटे से रुक-रुककर बारिश हो रही है। लखनऊ में शुक्रवार सुबह से अंधेरा छाया हुआ है। ग्रामीण इलाकों में आंधी जैसी तेज हवाओं के कारण फसलें गिर गई हैं। खेतों में पानी भर गया है। सिक्किम के ग्यालशिंग जिले के रिंबी गांव में लगातार बारिश के कारण गुरुवार रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें 20 से ज्यादा घर और सरकारी क्वार्टर बह गए। हालांकि, अभी तक किसी की मौत की सूचना नहीं है। चक्रवात से ओडिशा में भारी बारिश के साथ अचानक बाढ़ और लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है। राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी इलाकों में निचले और लैंडस्लाइड प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले करीब 15 हजार लोगों को 2,061 राहत केंद्रों में भेजा गया है। चक्रवात से 9 राज्य प्रभावित हैं। अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़, तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा और तेलंगाना में भारी बारिश हो सकती है। इन इलाकों में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ गरज-चमक भी हो सकती है। मौसम विभाग ने प्रभावित राज्यों को अलर्ट जारी किया है। साथ ही जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव दल, आवश्यक उपकरण, जेसीबी और अन्य मशीनरी तैयार रखने के निर्देश दिए।

रांची में खराब मौसम के कारण लखनऊ हवाई अड्डे पर उतारे गए दो विमान

उत्तराखंडः आज भारी बारिश का अलर्ट

देहरादून (भाषा)। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में 26 और 27 सितंबर को बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं और पर्यटकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को राज्य के पांच जिलों-बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। पांच अन्य जिलों-देहरादून, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली और अल्मोड़ा में ऑरेंज अलर्ट तथा शेष तीन जिलों-हरिद्वार, उत्तरकाशी और टिहरी में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसी तरह रविवार को चार जिलों-देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार में रेड अलर्ट, चार अन्य जिलों-उत्तरकाशी, चमोली, नैनीताल और रुद्रप्रयाग में ऑरेंज अलर्ट तथा शेष पांच जिलों-बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, ऊधमसिंह नगर और पिथौरागढ़ में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

छत्तीसगढ़ में नदियां उफान पर

रायपुर/रांची (भाषा)। छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटे में बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भरने और कई नदियों का जलस्तर बढ़ने के बाद सड़क संपर्क बाधित हुआ है और खासकर बस्तर क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कोंडागांव जिले में बारिश से जुड़ी एक घटना में 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। झारखंड के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश के कारण पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, यातायात और बिजली आपूर्ति बाधित हुई, वहीं रांची में एक बस पर पेड़ गिर गया लेकिन उसमें सवार स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए।

कुत्ते ने बचाई युवक की जान हमलावरों पर झपटा, दौड़ाया

जालंधर में कुछ युवक घेरकर पीट रहे थे

एजेंसी ▶▶| जालंधर

जालंधर में दो दोस्त आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच गली में ही मारपीट शुरू हो गई और उन्होंने एक-दूसरे पर थप्पड़ व लात-घूंसे बरसाए। इसी दौरान एक युवक के साथ आए उसके दोस्तों ने दूसरे युवक को घेर लिया।

उन्होंने उसे लात-घूंसों से पीटा और कृपाण से भी वार किए। इसी बीच गली में रहने वाला कुत्ता उन पर झपट पड़ा। कुत्ते के बीच में आने से वह पीछे हटने पर मजबूर हो गए। इससे युवक की जान बच गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। ये घटना गुरुवार शाम को गढ़ा स्थित वाल्मीकि मोहल्ले में सामने आई।

लुधियाना में 100 किमी स्पीड में कार ने 5 लोगों को हवा में उड़ाया, वीडियो वायरल

15 फीट हवा में उछला बाइक सवार सीसीटीवी में खौफनाक मंजर कैद

लुधियाना। लुधियाना में तेज रफ्तार टियागो ईवी कार ने एक के बाद एक कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोग बुरी तरह घायल हो गए। कार इतनी तेज थी कि बाइक सवार टक्कर के बाद करीब 15 फीट हवा में उछलकर 3 गुलाटियां खाते हुए करीब 30 फीट दूर सड़क पर गिरा। इसके बाद बेकाबू कार आगे से आ रहे 2 ई-रिक्शा और एक्टिवा को भी टक्कर मारती है। ई-रिक्शा पूरी तरह पलट जाता है। घटना का एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो फुटेज में साफ दिख रहा है कि बेकाबू कार जो सामने आता है उसे रौंदती जाती है। कार कम से कम 100किमी प्रति घंटे की स्पीड में थी।

रजिस्ट्री सं. डी. एल. – 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–22092026–276405
CG-DL-E-22092026-276405

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II–खण्ड 3–उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5008] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 22, 2026/भाद्र 31, 1948
No. 5008] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 22, 2026/BHADRA 31, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)]
शुद्धि पत्र
नई दिल्ली, 22 सितम्बर, 2026

का.आ. 5215(अ).– रेलवे (संशोधन) अधिनियम, 2008 द्वारा यथा संशोधित रेलवे अधिनियम, 1989 (1989 का 24) के तहत पंजाब राज्य के संगरूर जिले में विशेष रेलवे परियोजना के रूप में "अलाल–हिमताना के बीच कॉर्ड लाइन" के लिए भूमि अधिग्रहण के संबंध में आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 4408 (ई) दिनांक 26 सितंबर, 2025 के संदर्भ में, यह अधिसूचित किया जाता है कि:

अनजाने में त्रुटि के कारण, क्षेत्र/क्षेत्र संख्या (खसरा संख्या) दिनांक 26.09.2025 की उक्त अधिसूचना में उल्लेखित विभिन्न गांवों की संख्या गलत तरीके से दर्ज की गई थी और "सही क्षेत्र/क्षेत्र संख्या (खसरा संख्या)" नीचे सारणीबद्ध की गई है:

क्रम सं.	जिला	तहसील/उप–तहसील	गांव	खसरा नं. जैसा कि अधिसूचित किया गया है 20ए दिनांक 26.09.2025	ठीक किया गया खसरा नं.	क्षेत्र अधिसूचित किया गया है 20ए दिनांक 26.09.2025		सही क्षेत्र	
						बिस्वा	हेक्टेयर	बिस्वा	हेक्टेयर
1	संगरुर	शेरपुर	मुल्लोवाल	2786/11	2796/11	9	0.0379	9	0.0379
2	संगरुर	शेरपुर	मुल्लोवाल	2797/1	2797/11	9	0.0379	9	0.0379
3	संगरुर	शेरपुर	बादशाहपुर	1464-66/376	1764-66/376	52	0.2192	52	0.2192
4	संगरुर	शेरपुर	बादशाहपुर	1467/376	1767/376	52	0.2192	52	0.2192
5	संगरुर	शेरपुर	बादशाहपुर	1067/376	1767/376	10	0.0422	10	0.0422
6	संगरुर	शेरपुर	बादशाहपुर	328 मिन और 328 मिन	323	27	0.1138	37	0.1138
7	संगरुर	धुरी	राजो माजरा	2818/2749/662	662 मिन	19	0.0801	19	0.0801
8	संगरुर	धुरी	राजो माजरा	2818/2748/662	662 मिन	19	0.0801	19	0.0801
9	संगरुर	धुरी	राजो माजरा	3181/3109-10/663	3181/3109-10/663	23	0.0970	32	0.1349
10	संगरुर	धुरी	राजो माजरा	668	668/2	34	0.1433	34	0.1433
11	संगरुर	धुरी	काहेरू	2858/756	8061/2858/756	13	0.0548	13	0.0548
12	संगरुर	धुरी	काहेरू	2381/757	8063/2381/757	7	0.0295	7	0.0295
13	संगरुर	धुरी	काहेरू	2861/2384-85/758	8065/2861/2384-85/758	8	0.0337	8	0.0337
14	संगरुर	धुरी	काहेरू	2385/758	2860/2384-85/758/1	8	0.0337	8	0.0337
15	संगरुर	धुरी	काहेरू	2860/2384-85/758	8067/2860/2384-85/758/2	8	0.0337	8	0.0337
16	संगरुर	धुरी	काहेरू	768/1	768/1 मिन	10	0.0422	10	0.0422
17	संगरुर	धुरी	काहेरू	769	769/1 मिन	10	0.0422	10	0.0422
18	संगरुर	धुरी	काहेरू	785	3101/785	21	0.0885	21	0.0885
19	संगरुर	धुरी	काहेरू	1386	1387	4	0.0169	4	0.0169
20	संगरुर	धुरी	काहेरू	1387	1386	25	0.1054	25	0.1054
21	संगरुर	धुरी	काहेरू	2811/1/2472/1473	2811/2/2472/1473	12	0.0506	12	0.0506

सभी संबंधित अधिकारियों, भूस्वामियों और हितधारकों से अनुरोध है कि वे इस सुधार पर ध्यान दें। मूल अधिसूचना की अन्य सामग्री अपरिवर्तित रहेगी।

[फ.स.190-W/Land/CDG1/Alal Himtana]
शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण

3335/2026

समाज के लिए काम करेंः मोदी

कार्यकताओं में पीएम ने भरा जोश

नई दिल्ली/वाराणसी। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से वोट बैंक की राजनीति के बजाय सामाजिक सुधार और सकारात्मक बदलाव पर ध्यान देने का शुक्रवार को आह्वान किया। मोदी ने वाराणसी से वडनगर जा रही 'सेवा यात्रा' मोटरसाइकिल रैली के प्रतिभागियों से डिजिटल माध्यम से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्ष में भारत में शहरों और गांवों के बीच का अंतर काफी कम हुआ है और गांवों के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि 2014 में उनकी सरकार के सत्ता में आने के बाद से देश की महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढ़ी है। जब हम महात्मा गांधी के जीवन को देखते हैं तो पाते हैं कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने और स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने के अलावा वह एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ हमेशा काम किया। हम राजनीतिक कार्यकर्ताओं को भी वोट बैंक की ओर देखने के बजाय सामाजिक सुधार और सकारात्मक बदलाव के लिए लगातार काम करना चाहिए।

'जनता की सेवा से आता है भाजपा में विश्वास'

राहुल गांधी को नवीन का करारा जवाब

भाषा ▶▶| जयपुर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का जवाब देते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा नेताओं में लगातार सत्ता में बने रहने का विश्वास जनता की सेवा, उसका भरोसा जीतने से आता है। नवीन ने यहां दादिया में 'सेवा संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश विकसित भारत के सपने के साथ आगे बढ़ रहा है। नवीन ने राहुल गांधी के बृहस्पतिवार के संवाददाता सम्मेलन की ओर इशारा किया जिसमें गांधी ने सवाल किया था कि भाजपा नेता यह कैसे कह सकते हैं कि पार्टी दशकों तक सत्ता में बनी रहेगी। राहुल गांधी पूछ रहे थे कि क्यों भाजपा की सरकारें लगातार आती हैं... भाजपा के नेता क्यों कहते हैं कि हम अगले 25 साल तक जनता की सेवा करेंगे..? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि ये विश्वास जनता की सेवा से आता है, ये विश्वास जनता के भरोसे को जीतने से आता है और जनता के लिए काम करने से आता है।

भाजपा में आकर कुछ नहीं मिलाः कैप्टन

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व सीएम व सीनियर भाजपा नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि उन्हें भाजपा में आए 4 साल हो गए, लेकिन इस पार्टी में आकर उन्हें कुछ नहीं मिला। भाजपा को पंजाब समझ में नहीं आता, इसी वजह से उनसे इस अर्से में कभी कोई राय नहीं ली गई। कैप्टन ने सांसद अमृतपाल की रिहाई की वकालत करते हुए कहा कि जेल में होने से लोकप्रियता और बढ़ती है। उन्होंने सीएम भगवंत मान को लेकर कहा कि वह मुख्यमंत्री की बजाय एक्टर नजर आते हैं। कैप्टन ने फिर से मुख्यमंत्री बनने को लेकर भी इनकार नहीं किया।

झारखंडः 10 युवकों ने पुलिस अधिकारी के बेटे को पीटा, मौत

गिरिडीह (भाषा)। झारखंड के गिरिडीह जिले में सड़क के किनारे स्थित एक भोजनालय में कहासुनी के बाद 10 युवकों ने एक पुलिस अधिकारी के बेटे को कथित तौर पर बेतहाशा पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। 24 वर्षीय ऋतिक यादव बोकारो जिले में तैनात एक सहायक उप-निरीक्षक के बेटे थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) जीतवाहन उरांव ने बताया, यादव बृहस्पतिवार रात दोस्तों के साथ बांदरकुपी स्थित भोजनालय में गए थे, जहां उनकी एक समूह के साथ तीखी बहस हो गई। दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई और यादव की बुरी तरह पिटाई की गई।

आईआईटी छात्र आत्महत्या मामले में 20 के बयान दर्ज

मुंबई(भाषा)। मुंबई के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्र साहिल वाकोडे की कथित आत्महत्या के मामले में पुलिस ने संस्थान के छात्रों और कर्मचारियों समेत 20 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस साहिल के फोन से किए गए कॉल का विवरण और भेजे गए संदेश हासिल करने की भी कोशिश कर रही है। संस्थान में अपने बेटे के साथ जातिगत भेदभाव किये जाने का आरोप लगा चुके साहिल के माता-पिता ने बृहस्पतिवार को आजाद मैदान में भूख हड़ताल की। वे वरिष्ठ अफसरों से मिलने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा कार्यालय गए।

हरियाणा सरकार

बागवानी फसलों की खेती के लिए अनुदान प्रावधान

बागवानी खेती में शामिल मद
■ फलों के नये बाग लगाना ■ सब्जियों की खेती एकीकृत मॉडल के साथ
■ फूलों की खेती ■ मसालों की खेती ■ खुशबूदार पौधों की खेती

आवेदन व अनुदान हेतु प्रक्रिया
■ मेरी फसल–मेरा ब्यौरा में पंजीकरण ■ होर्टनेट पंजीकरण
■ अनुदान सहायता सीमा
■ फलों के नये बाग एवं मसालों की खेती पर 5 एकड़ तक
■ सब्जियों की खेती 5 एकड़ तक (सामान्य वर्ग) तथा 1 एकड़ तक (अनुसूचित वर्ग)
■ फूलों की खेती पर 5 एकड़ तक और खुशबूदार पौधों की खेती पर 5 एकड़ तक

अनुदान का विवरण
■ नये बाग लगाने पर 24,500 रुपये से 1,40,000 रुपये तक प्रति एकड़
■ सब्जियों की खेती पर 15,000 रुपये प्रति एकड़ सामान्य वर्ग एवं 25,500 रुपये प्रति एकड़ अनुसूचित वर्ग के लिए। यह अनुदान एकीकृत मॉडल (मल्चिंग/लो टनल/ड्रिप/बांस की स्टैकिंग) अपनाने पर दिया जायेगा
■ मसालों की खेती पर 15,000 रुपये से 30,000 रुपये प्रति एकड़ अनुदान
■ फूलों की खेती पर 8,000 रुपये से 40,000 रुपये प्रति एकड़ अनुदान
■ खुशबूदार पौधों की खेती पर 8,000 रुपये प्रति एकड़ अनुदान
■ अनुदान का किसान के खाते में होगा सीधा भुगतान

आवश्यक दस्तावेज
■ आवेदन और व्यक्तिगत विवरण। ■ मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण। ■ परिवार पहचान–पत्र।
■ आवेदक के बैंक खाते का पूर्ण विवरण (खाता संख्या, बैंक का नाम, शाखा, IFSC कोड)।
■ आवश्यक है तो अनुसूचित वर्ग का प्रमाण–पत्र।

अधिक जानकारी के लिए जिला उद्यान अधिकारी से संपर्क करें
अथवा कॉल करें (टोल फ्री नं.) 1800-180-2021

उद्यान विभाग हरियाणा
Website : www.hortharyana.gov.in ई-मेल :-horticulture@hry.nic.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंतन

दुनिया को दिखा आतंक पर पाक का दोहरा रवैया

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा करने वाला पाकिस्तान दुनिया के सामने एक बार फिर बेनकाब हो गया है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पत्रकारों ने लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद और आतंकवादियों को पनाह देने को लेकर सीधे सवाल किए। पूछा गया कि पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देना कब बंद करेगा और हाफिज सईद पर कार्रवाई कब होगी। शहबाज दोनों सवालों पर खामोश रहे और आगे बढ़ गए। सवाल भले पत्रकारों ने पूछे हों, लेकिन यह सवाल अब पाकिस्तान की आतंकवाद नीति पर अंतरराष्ट्रीय बहस का हिस्सा बन चुके हैं। पाकिस्तान की विडंबना यही है कि वह एक ओर स्वयं को आतंकवाद का पीड़ित बताता है और दूसरी ओर उसकी जमीन से संचालित या उससे जुड़े आतंकी संगठनों को लेकर भारत और अन्य देशों के गंभीर आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। हाफिज सईद इसका सबसे चर्चित उदाहरण है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध सूची में उसका नाम दर्ज है और उसे लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ा गया है। मुंबई के 26/11 आतंकी हमले में उसकी भूमिका को लेकर भारत लंबे समय से पाकिस्तान से कार्रवाई की मांग करता रहा है। भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच से जुड़ी पूरक चार्जशीट में भी सईद को आरोपी बनाया है। ऐसे में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से उसके बारे में सवाल पूछा जाना अस्वाभाविक नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि शहबाज खुद संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान की लड़ाई का दावा कर चुके हैं। आतंकवाद का शिकार होने का दावा पाकिस्तान को अपनी जमीन से दूसरे देशों के खिलाफ होने वाली आतंकी गतिविधियों से जुड़े सवालों से मुक्त नहीं कर सकता। आतंकवाद के खिलाफ किसी देश की प्रतिबद्धता का आकलन उसके बयानों से नहीं, उसके ठोस और निरंतर कदमों से होता है। यही विरोधाभास संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भी दिखाई दिया। पाकिस्तान ने भारत में कश्मीर और अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर सवाल उठाए। भारत ने पलटकर पाकिस्तान के आतंकवाद के इतिहास और उसके सामाजिक प्रभाव का मुद्दा उठाया। इससे यह स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर केवल आरोप लगाने से किसी देश की छवि नहीं बदलती। जब कोई देश दूसरों के मानवाधिकारों पर सवाल उठाता है तो दुनिया स्वाभाविक रूप से उसके अपने रिकॉर्ड को भी देखती है। पाकिस्तान की विदेश नीति लंबे समय से कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दों को एक-दूसरे से जोड़कर प्रस्तुत करने की कोशिश करती रही है। आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आतंकवाद को लेकर सवाल पहले से अधिक स्पष्ट हैं। आतंकी संगठन किसी एक देश की समस्या नहीं है। उनकी गतिविधियां सीमाओं से बाहर तक असर डालती हैं। इसलिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई भी चयनात्मक नहीं हो सकती। भारत के लिए यह स्थिति इस बात का संकेत भी है कि पाकिस्तान के साथ संबंधों में आतंकवाद का मुद्दा केंद्रीय बना रहेगा। संवाद, पड़ोसी संबंध और क्षेत्रीय शांति अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन आतंकवाद को नजरअंदाज करके स्थायी शांति की कल्पना संभव नहीं है। यूएन में शहबाज से पूछे गए सवाल अपनी जगह कायम है। दुनिया अब पाकिस्तान के भाषणों से अधिक उसकी कार्रवाई देखना चाहती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दावा और आतंक से जुड़े सवालों पर खामोशी, यही वह विरोधाभास है जिसने पाकिस्तान के दोहरे रवैये को दुनिया के सामने उजागर कर दिया है।

मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

आईआईटी : आत्महत्याओं की वजह तलाशें

आईआईटी संस्थानों में लगातार बढ़ती आत्महत्याओं और हाल ही में आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या की घटना ने देश भर में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। देश के 23 आईआईटी सहित 31 केंद्रीय संस्थानों के पास छात्रों के तनाव को समय रहते पहचानने (सक्रिय स्क्रीनिंग) की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। लोकतांत्रिक समाज ठोस प्रमाणों और तथ्यों पर विश्वास करता है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और आरोपित को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए। निराशा और हताशा में आईआईटी के निदेशक अथवा प्राध्यापकों पर जातिवाद का आरोप लगाना समाज और संस्थान में विद्वेष और घृणा की विषबेल रोपने जैसा है, इससे बचना चाहिए।

आईआईटी संस्थानों में लगातार बढ़ती आत्महत्याओं और हाल ही में आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की आत्महत्या की घटना ने देश भर में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। बता दें कि 18 सितंबर 2026 को आईआईटी बॉम्बे में 22 वर्षीय छात्र साहिल वाकोडे का उनके हॉस्टल के कमरे में शव मिला। परीक्षा के दौरान एक प्रोफेसर द्वारा कथित तौर पर मोबाइल का उपयोग नकल करने के लिए टोके जाने और कॉपी ले लिए जाने के बाद यह घटना सामने आई, जिसके बाद छात्रों ने भारी प्रदर्शन किया। परिवार ने जातिसूचक उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। परिवार का दावा था कि उनके पुत्र को लंबे समय से जातिगत भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस ने प्राध्यापक सूर्यनारायण दूल्ला सहित कुछ अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की। न्यायालय के फैसले से पहले किसी को दोषी नहीं माना जा सकता है।

सवाल है कि देश के आईआईटी संस्थानों में तेरह हजार से अधिक होनहार पढ़ रहे हैं। जातीय आधार पर किसी एक छात्र से ही दुर्व्यवहार कैसे संभव है? एक न्यूज चैनल रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी 2006 से सितंबर 2026 के बीच विभिन्न आईआईटी परिसरों में लगभग 171 छात्रों की असमय/आत्महत्या से मौतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत मामले पिछले एक दशक में सामने आए हैं। इनमें बड़ी तादाद में सवर्ण छात्र भी शामिल हैं, इसलिए भी जातिगत भेदभाव के आरोप सही नहीं हैं। आरटीआई और अन्य आधिकारिक सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2006 से सितंबर 2026 के बीच आईआईटी परिसरों में 140 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की है। जबकि पिछले पांच सालों में देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में 70 होनहारों ने आत्महत्या की। गंभीर चिंता यह भी कि जुलाई से शुरू हुए सत्र में अब तक आईआईटी के तीन और आईआईएम का एक छात्र आत्महत्या कर चुका है। वहीं आईआईएससी बंगलूरु में भी पंद्रह दिन में दो छात्रों ने आत्मघात किया है। विडंबना यह है कि इन आंकड़ों में देश के अन्य शिक्षण संस्थानों के आत्मघात के मामले शामिल नहीं किए जाते हैं, जिससे देश में आत्महत्या करने वाले छात्रों की वास्तविक तस्वीर सामने नहीं आ पाती। यह अकल्पनीय है कि जिन इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेना छात्रों का सपना होता है, वहां पहुंचकर कोई छात्र आत्महत्या क्यों कर लेता है? विचारणीय प्रश्न है कि आखिर ये छात्र आत्मघाती कदम क्यों उठा रहे हैं? क्या वे इंजीनियरिंग आदि के पाठ्यक्रम के साथ साम्य नहीं बैठा पाते? क्या सिस्टम की खामियां उन्हें हताश करती हैं? क्या ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के छात्र अंग्रेजी के पाठ्यक्रम के साथ तालमेल नहीं बैठा पाते हैं? अक्सर चर्चा होती है कि उच्च इंजीनियरिंग संस्थानों में देश के चर्चित व महंगे अंग्रेजी स्कूलों से आए छात्रों द्वारा भाषा,जाति, ग्रामीण पृष्ठभूमि तथा आर्थिक स्तर पर अन्य छात्रों के साथ भेदभाव किया जाता है। आरोप है कि अंग्रेजी माध्यम से आये छात्र हिंदी व क्षेत्रीय भाषाओं से पढ़ाई करके आए छात्रों को हेय दृष्टि

से देखते हैं। आरोप तो यहां तक हैं कि कुछ शिक्षक भी ऐसे छात्रों के प्रति दुराग्रह रखते हैं। कमोबेश ऐसी चिंताएं ग्रामीण पृष्ठभूमि व वंचित समाज से आए छात्रों को लेकर भी सामने आती हैं। नये छात्रों को परिसर तथा छात्रावासों में भेदभाव जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। फलतः इन छात्रों का आत्मविश्वास डिगता है। कालांतर वे अपनी कक्षाओं की पढ़ाई के साथ साम्य नहीं बना पाते व हताशा में आत्मघात की राह चुनते हैं। इंजीनियरिंग व प्रबंधन से जुड़े देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घातक प्रवृत्ति के मद्देनजर सरकार ने मामले की पड़ताल के लिए पिछली जनवरी में तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। इस समिति ने भी स्वीकार किया था कि व्यवस्था में कुछ खामियां जरूर हैं, जिसके चलते छात्र आत्मघात के लिए बाध्य होते हैं। दरअसल, कुछ छात्र शिक्षा व्यवस्था, सामाजिक, आर्थिक व पारिवारिक आकांक्षाओं के बोझ के साथ अध्ययन कर रहे होते हैं। इससे उनके मन में यह भय पैदा हो जाता है कि क्या वे अपने जीवन के लक्ष्य हासिल भी कर पाएंगे? बड़ी संख्या में मध्यमवर्गीय, गरीब परिवारों व वंचित समाज की प्रतिभाएं खून-पसीना एक करके इन संस्थानों में दाखिला लेती हैं। उन पर मानसिक दबाव होता है कि परिवार ने पेट काटकर और कर्ज आदि लेकर उन्हें महंगे इंजीनियरिंग व प्रबंधन संस्थानों में दाखिला दिलाया है।

यदि वे असफल हुए तो परिवार को क्या मुंह दिखाएंगे? दूसरा, हमारे समाज में इंजीनियर, प्रबंधक व डॉक्टर बनने की भेड़चाल चल रही होती है। ईश्वर हर बच्चे की रचना उसके विशिष्ट गुण के साथ करता है। जरूरी नहीं है कि इंजीनियरिंग में दाखिला लेने वाले हर छात्र की रुचि इंजीनियरिंग में ही हो। कोई छात्र मानविकीय संकाय की प्रतिभा हो सकता है। इंजीनियरिंग, उसकी रुचि व मन का विषय नहीं हो सकता, जिसके चलते वो पूरे मनोयोग से इस पाठ्यक्रम से साम्य नहीं बैठा पाता। आज सोशल मीडिया की विकृतियां तमाम छात्रों की एकाग्रता को बाधित कर रही हैं। नये वातावरण से साम्य न बैठा पाने व अन्य कारणों से छात्र मानसिक तनाव में आ जाते हैं। विडंबना यह है कि अधिकांश संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ नहीं हैं। निश्चित ही देश की इन प्रतिभाओं को असमय काल-कवलित होने से बचाने की सख्त जरूरत है। आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या के लगभग 61% मामलों के पीछे मुख्य वजह अकादमिक तनाव है। संस्थानों में ग्रेड, रैंक और सीजीपीए को ही सफलता का एकमात्र पैमाना मान लिया जाता है, जिससे छात्र खुद को एक अंतहीन दौड़ में फंसा हुआ पाते हैं। लगभग 12% मामले जॉब की अनिश्चितता और प्लेसमेंट के भारी मानसिक तनाव से जुड़े होते हैं। हालिया आईआईटी बॉम्बे की घटना और पूर्व के मामलों में भी कैंपस के भीतर एससी , एसटी और ओबीसी छात्रों के साथ कथित भेदभाव और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगे हैं। आंकड़ों के अनुसार, कुल आत्महत्या के मामलों में 55% से अधिक छात्र इन्हीं आरक्षित वर्गों से आते हैं। देश के 65% उच्च शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त मानसिक स्वास्थ्य प्रदाताओं की भारी कमी है। देश के 23 आईआईटी सहित 31 केंद्रीय संस्थानों के पास छात्रों के तनाव को समय रहते पहचानने (सक्रिय स्क्रीनिंग) की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। लोकतांत्रिक समाज ठोस प्रमाणों और तथ्यों पर विश्वास करता है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए और आरोपित को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार मिलना चाहिए। निराशा और हताशा में आईआईटी के निदेशक अथवा प्राध्यापकों पर जातिवाद का आरोप लगाना समाज और संस्थान में विद्वेष और घृणा की विषबेल रोपने जैसा है, इससे बचना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

कृषि
रवि शंकर

मानसून की बेरुखी से फसलों पर संकट

अल नीनो के प्रभाव के कारण देश में इस वर्ष मानसून सत्रह साल में सबसे सूखा रहा है, जिसमें कुल वर्षा सामान्य से 15 फीसदी कम दर्ज की गई है। खास बात यह है कि अब तक 14 राज्यों में बारिश की कमी 20 फीसदी से ज्यादा रही है। इनमें बिहार, पंजाब, हरियाणा के अलावा दक्षिण भारत के सभी पांच प्रायद्वीपीय राज्य शामिल हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, वर्ष 2009 के बाद (जब 18.3 फीसदी की कमी देखी गई थी) यह देश का सबसे कमजोर मानसून सीजन साबित हुआ है। एक जून से 21 सितंबर 2026 तक की अवधि में जहां देश में सामान्य रूप से 827.2 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए थी, वहीं वास्तविक आंकड़ा केवल 703.7 मिलीमीटर पर सिमट कर रह गया है। 123.5 मिलीमीटर की इस भारी गिरावट ने न केवल चालू खरीफ फसलों के उत्पादन पर संकट खड़ा कर दिया है, बल्कि आगामी रबी सीजन की बुआई और देश के प्रमुख जलाशयों के जलस्तर को भी गंभीर खतरे में डाल दिया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस वर्ष मानसून के ऐतिहासिक रूप से कमजोर रहने की मुख्य वजह प्रशांत महासागर में तेजी से सक्रिय हुआ 'सुपर अल नीनो' प्रभाव है।

अल नीनो की स्थिति के कारण समुद्र की सतह का तापमान असामान्य रूप से बढ़ गया, जिसने वैश्विक पवन प्रणालियों को बाधित किया और भारतीय उपमहाद्वीप की ओर बढ़ने वाली मानसूनी हवाओं को कमजोर कर दिया। इस सीजन में बारिश का वितरण न केवल कम रहा, बल्कि समय और स्थान के लिहाज से भी बेहद असंतुलित था। भारतीय कृषि मुख्य रूप से मानसून की बारिश पर निर्भर करती है। देश के करोड़ों किसान जून से सितंबर के बीच होने वाली इस वर्षा के आधार पर ही अपनी फसलों की योजना बनाते हैं। इस साल बारिश के बेरुखेपन के कारण खरीफ फसलों विशेषकर धान, गन्ना, मक्का और कपास की बुआई पिछले सीजन की तुलना में 3.73 फीसदी पिछड़ गई है। इस सूखे मानसून के चलते अकेले चावल के उत्पादन में 10 मिलियन टन (1 करोड़ टन) तक की भारी कटौती हो सकती है। धान के खेतों में पर्याप्त पानी न होने के कारण पौधों का विकास रुक गया है, जिससे प्रति हेक्टेयर पैदावार घटने की पूरी आशंका है। इसके अलावा गन्ने की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे आने वाले महीनों में चीनी उत्पादन प्रभावित होना तय माना जा रहा है। साथ ही, यह रबी की फसलों (गेहूं, सरसों, चना) के लिए भी बेहद खतरनाक साबित होगी। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मानसून भारतीय खेती की लाइफलाइन है। चिंता केवल खरीफ की मौजूदा फसलों तक सीमित नहीं है। देश के केंद्रीय जल आयोग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख 150 से अधिक जलाशयों में लाइव स्टोरेज (उपयोगी जल भंडारण) पिछले साल की तुलना में लगभग 36 फीसदी कम हो गया है। दक्षिण भारत के 54 प्रमुख बांधों में जलस्तर उनकी कुल क्षमता के 80 फीसदी से भी नीचे चला गया है। कम बारिश का सीधा असर अब देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता की जेब पर दिखने लगा है। अगस्त के महीने में खाद्य मुद्रास्फीति (फूड इन्फ्लेशन) लगातार सातवें महीने बढ़कर 5.95 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई, जो इस वर्ष का उच्चतम स्तर है। आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक, मानसून में होने वाली हर एक फीसदी की कमी खाद्य महंगाई को करीब 25 बेसिस पॉइंट तक बढ़ा देती है। बाजार में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने आपातकालीन कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। वहीं, प्याज और टमाटर जैसी सब्जियों की आसमान छूती कीमतों को रोकने के लिए कई राज्यों में रियायती दरों पर सरकारी आउटलेट्स के जरिए बिक्री की जा रही है। मानसून 2026 के इन निराशाजनक आंकड़ों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अल नीनो जैसी मौसमी परिघटनाएं अब भारतीय कृषि के लिए एक स्थायी चुनौती बन चुकी हैं। मौसम विभाग का कहना है कि सितंबर के अंत में बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जिससे ओडिशा और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में कुछ बारिश हो सकती है, लेकिन यह राष्ट्रीय स्तर पर हो चुके 15 फीसदी के बड़े घाटे को पाटने में सक्षम नहीं होगा। सरकार को प्रभावित राज्यों में सूखा राहत पैकेज, किसानों के लिए फसल बीमा के त्वरित भुगतान और ग्रामीण रोजगार योजनाओं (मनरेगा) को मजबूत करने पर ध्यान देना होगा। आने वाले समय में जल संचयन, सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप इरिगेशन) और कम पानी में उगने वाली जलवायु-अनुकूल फसलों को बढ़ावा देना ही भारत की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का एकमात्र विकल्प होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है

संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुई देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ? भगवान बोलेः मेरा एक भक्त अतिप्रभावी मानस पूजन कर रहा है। मेरे अन्य धनिक भक्त सब उच्च साधनो एवं सामग्रियों से मेरी अर्चना करते हैं, परन्तु उनका मन भटकता ही रहता है। इस समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में होना चाहिए अतः मेरे दूतों को तुरंत उसे वैकुन्ठ लाने के लिए भेजो।

अंतर्मन

आज की पाती

दलबदल निरोधक कानून की प्रासंगिकता पर उठते सवाल

52वें संविधान संशोधन, 1985 के माध्यम से दलबदल विरोधी कानून लागू किया गया था। इसका उद्देश्य आया राम-गया राम की राजनीति पर अंकुश लगाना तथा राजनीतिक अस्थिरता और बार-बार होने वाले दल परिवर्तन को नियंत्रित करना था। लेकिन इतने वर्षों बाद भी यह प्रश्न कायम है कि इस संविधान संशोधन से राजनीति में दलबदल की प्रवृत्ति पर कितना प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो पाया है। इस कानून के तहत किसी जनप्रतिनिधि के दलबदल पर अयोग्यता का निर्णय सदन के अध्यक्ष के अधीन रखा गया है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे बिना किसी राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष और समयबद्ध निर्णय लें, ताकि लोकतांत्रिक जवाबदेही और संसदीय मर्यादा मजबूत हो। -संजीव शर्मा, पानीपत

करंट अफेयर

एजीयू के पुरस्कार विजेताओं में भारतीय वैज्ञानिक भी शामिल

भारतीय वैज्ञानिक रॉक्सी मैथ्यू कोल्ल और नीलिमा सत्यम को अनुसंधान, शिक्षा और उन्नत मृदा एवं अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और नेतृत्व के लिए अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन (एजीयू) के वर्ष 2026 के लिए दिए जाने वाले पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (युवा) से सम्मानित जलवायु वैज्ञानिक कोल्ल पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान में कार्यरत हैं। उन्हें एजीयू के 'पावेल एस. मोलचानोव क्लाइमेट कम्युनिकेशंस प्राइज' के लिए चुना गया है। कोल्ल को हिंद महासागर के बढ़ते तापमान, मानसून में हो रहे बदलाव, समुद्री की गर्म होती सतह, चक्रवात और अत्यधिक बारिश के साथ-साथ दक्षिण एशिया में लोगों और उनकी आजीविका पर पड़ने वाले प्रभावों के दस्तावेजीकरण के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25,000 अमेरिकी डॉलर की राशि, नाम अंकित पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार हर वर्ष जलवायु विज्ञान, विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन से जुड़े विषयों पर प्रभावी वैज्ञानिक संचार के लिए किसी वैज्ञानिक को दिया जाता है।

ऑफ बीट

ओरंगुटान की आवाज में छिपा भाषा का रहस्य

सुमात्रा ओरंगुटान का वैज्ञानिक नाम 'पोंगो अबेली' है जो एक वानर की प्रजाति है और सुमात्रा द्वीप में पाई जाती है। ओरंगुटान हमारे पशु परिवार से संबंधित हैं। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वज एक ही हैं और यह एक ऐसी प्रजाति है जो लाखों साल पहले रहती थी, जिससे हम दोनों विकसित हुए हैं। हमारी तरह, ओरंगुटान के भी हाथ होते हैं जो पकड़ सकते हैं, वे औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं और नयी चीजें सीख सकते हैं। हम अपने डीएनए का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा ओरंगुटान के साथ साझा करते हैं, जिसका मतलब है कि हमारे शरीर और दिमाग के कई हिस्से एक जैसे तरीके से काम करते हैं। वर्ष 2024 में मनोवैज्ञानिक एड्रियानो लामीरा और उनके सहयोगियों द्वारा ओरंगुटान संचार पर किए गए शोध में ओरंगुटान की एक अलग प्रजाति, जंगली बोर्नियन ओरंगुटान (पोंगो पाइग्मियस वुर्मबी) पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने केवल नरों द्वारा उत्पन्न की जाने वाली एक प्रकार की ध्वनि का अध्ययन किया, जिसे लम्बी पुकार के नाम से जाना जाता है, और पाया कि लम्बी पुकारें लयबद्ध पदानुक्रम के दो स्तरों में व्यवस्थित होती हैं। इसका पता लगाने के लिए हमने जंगली मादा सुमात्रा ओरंगुटान की चेतावनी भरी आवाजों का अध्ययन किया और कुछ आश्चर्यजनक बातें पाईं।

ट्रेंड

घरेलू उद्योग

सपा-बीएसपी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में अपराध का धंधा खूब फला-फूला; गाड़ियों की चोरी एक घरेलू उद्योग बन गई थी। आज उसी ज़मीन पर डिफेंस कॉरिडोर, गाड़ी बनाने की यूनिट्स और मेडिकल डिवाइस पार्क बनाए जा रहे हैं।
-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

हार्दिक बधाई

मैं एशियाई खेल-2026 में देश के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल की मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर झज्जर की सुरुचि और रेवाड़ी के कमलजीत को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाई देता हूं।
- **नायब सैनी**, सीएम, हरियाणा

वोटर लिस्ट का एक्सेस

दिल्ली में बैठे कुछ लोगों के पास पूरे देश की वोटर लिस्ट का एक्सेस है। वे जिसे चाहें, उसका वोट जोड़ सकते हैं या उसका वोट हटा सकते हैं। हमारी मांग है कि पिछले 3 सालों में वोटर लिस्ट में किए गए सभी बदलावों को रद्द किया जाए और 3 साल पुरानी वोटर लिस्ट को बहाल किया जाए।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

एसआईआर प्रक्रिया

एसआईआर में अनियमितताएं सामने आने और निर्वाचन आयुक्तों के भी इनके बारे में बोलने के बाद केवल एक ही निष्कर्ष निकलता है कि पूरी एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी विपक्षी दलों को एकजुट होने की जरूरत है।
- **राज ठाकरे**, अध्यक्ष, मनसे

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

महज 2 मिनट में भारत को 2 मेडल, निशानेबाजी में जीता पहला स्वर्ण

सुरुचि-कमलजीत ने शूटिंग में जीता गोल्ड, राइफल थ्रीपी टीम को रजत

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन गेम्स में शुक्रवार को भारत ने महज 2 मिनट के अंदर 2 मेडल अपने नाम किए। भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले गोल्ड और उसके तुरंत बाद सिल्वर मेडल जीता। सुबह करीब 9 बजे सुरुचि और कमलजीत की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड दिलाया। इसके ठीक दो मिनट बाद यानी 9:02 बजे भारत ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार की भारतीय तिकड़ी ने 1762 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। ऐश्वर्य और नीरज इसके बाद व्यक्तिगत फाइनल में इस लय को बरकरार नहीं रख सके, जिससे भारत के खाते में दिन में एक स्वर्ण और एक रजत आया। इसने उस टीम को राहत और निराशा दोनों दी, जो यहां पहुंचने के बाद से एक के बाद एक निराशाओं से जूझ रही थी। बीस वर्षीय सुरुचि के लिए शीर्ष स्थान हासिल करना कुछ हद तक उस निराशा का प्रायश्चित था, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में मिली थी, जहां उन्होंने मनु भाकर और ईशा सिंह के साथ भारतीय टीम को खाली हाथ लौटते देखा था। वह व्यक्तिगत पदक से चूक गई थीं।

टेबल टेनिस : मिश्रित युगल में दीया-मानुष को कांस्य

मानुष शाह और दीया चिताले ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता के मिश्रित युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में चीन के वांग चुकिन और सुन यिंगशा से मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 8-11, 5-11, 8 -11, 2-11 से पराजय मिली। सेमीफाइनल हारने के बावजूद उन्होंने इन खेलों में भारत को टेबल टेनिस में पहला पदक दिलाया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की विश्व की चौथे नंबर की जोड़ी डू होई केम और वोंग चुन टिंग को हराकर पदक पक्का किया था।

मानुष शाह ने ईरान के बेन्यामिन फराजी को 4-0 से हराकर पुरुष एकल में भी अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि यशस्विनी घोरपड़े ने सीरिया की हेंड ज़ाज़ा को 4-1 (11-5 11-5 11-8 8-11 11-4) से हराकर महिला एकल के राउंड ऑफ़ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत के अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि निराशाजनक रहा।

शॉटपुट : मनप्रीत को कांस्य

मनप्रीत कौर ने महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में 17.17 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक चीन की सोंग जियायुआन (19.40 मीटर) और रजत झांग लिनरू (18.14मीटर) ने जीता। 36 वर्ष की मनप्रीत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 18.06 मीटर है, जो उन्होंने 2022 में किया था। वह हांगझोउ में 2023 एशियाई खेलों में पांचवें स्थान पर रही थी और ग्लास्गो में पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेलों में 17.49 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर थी। उन्होंने इस साल राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैंपियनशिप जीतकर एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

महिला हॉकी : भारत की लगातार चौथी जीत, जापान को हराया

काकामिगाहारा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने विजय अभियान जारी रखते हुए शुक्रवार को मेजबान जापान को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और इस तरह से सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत की तरफ से लालरेम्सियामी (5वें मिनट), इशिका चौधरी (30वें मिनट) और नवनीत कौर (36वें मिनट) ने गोल किए। जापान की तरफ से एकमात्र गोल शिहो कोबायाकावा ने 46वें मिनट में किया। भारत रविवार को सिंगापुर के खिलाफ पूल बी में अपना आखिरी मैच खेलेगा। भारतीय टीम ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने उज्बेकिस्तान पर 19-0 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

दौड़ : गुलवीर ने 10 हजार मीटर में जीता रजत पदक

भारत के लंबी दूसरी के धावक गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों के अपने कांस्य को रजत में बदला और पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में 28 मिनट 29.38 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहे। हांगझोउ में पिछले एशियाई खेलों में कांस्य जीतने वाले गुलवीर बहरीन के बिरहानु बालेयू से पीछे रहे, जिन्होंने 28 मिनट 27.51 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। बहरीन के अलबर्ट किप्टो को कांस्य पदक मिला, जिन्होंने 28 मिनट 34.18 सेकंड का समय निकाला। गुलवीर ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भी रजत पदक जीता था।

कबड्डी : फाइनल में पुरुष और महिला टीम

भारत की पुरुष और महिला कबड्डी टीम ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को फाइनल में जगह बनाकर अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला टीम ने नेपाल पर 48-24 से जीत हासिल की। जिस तरह से वह अब चौथी बार स्वर्ण पदक हासिल करने से केवल एक जीत दूर है। भारत की पुरुष टीम भी मौजूदा चैंपियन है। उसने सेमीफाइनल में थाईलैंड के खिलाफ 66-28 से जीत दर्ज करके नौवां स्वर्ण पदक जीतने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। महिलाओं के मुकाबले में भारत ने पहले हाफ में 31-17 की बड़ी बढ़त बना ली, जिसमें चार ऑल-आउट और चार बोनस अंक शामिल थे। नेपाल भारत को पर्याप्त चुनौती नहीं दे सका और दूसरे हाफ में केवल सात अंक ही जुटा सका। पुरुषों के मैच में भी कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिला। भारतीय टीम ने पहले हाफ में 37-18 की बढ़त बना ली और अगले हाफ में भी अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी।

खबर संक्षेप

शीर्ष स्तर पर वापसी के लिए प्रतिबद्ध : प्रसिद्ध

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का कहना है कि चोट के कारण खेल से दूर रहने के बाद वह अधिक बेहतर खिलाड़ी के रूप में शीर्ष स्तर पर वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध थे और उनकी निगाहें अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला पर टिकी हैं। भारत अगले साल के शुरू में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में करेगा। प्रसिद्ध ने कहा, ' मैं हमेशा खुद से कहता हूं कि अगर चोट लगने के समय मैं जिस निश्चित स्तर पर था, वापसी के समय मुझे उससे दस गुना बेहतर होना होगा। यह मानसिकता वास्तव में काफी महत्व रखती है।' 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा, 'मैंने दो बार पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली है। एक बार ऑस्ट्रेलिया में और एक बार इंग्लैंड में। इससे मुझे काफी कुछ सीखने को मिला है।

दिल्ली सीनियर टीम के हेड कोच बने दहिया

नई दिल्ली। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को 2026/27 घरेलू सीजन के लिए एक बार फिर दिल्ली की सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। द्रोणाचार्य अवॉर्ड विजेता राजकुमार शर्मा को 'स्टेट मेंटर' नियुक्त किया गया है। वहीं, सुनीता शर्मा को महिला टीमों के लिए इसी जिम्मेदारी की भूमिका सौंपी गई है। आईपीएल 2022 की विजेता टीम गुजरात टाइटंस के साथ सहायक कोच रहे दहिया ने दिल्ली को 2007/08 में रणजी ट्रॉफी जिताई थी और 2012/13, 2014/15 और 2015/16 सीजन में भी इसी भूमिका में काम किया था।

भारत-ए की ऑस्ट्रेलिया ए पर बड़ी जीत, 162 रन से हराया

कुमार कुशाग्र को 'प्लेयर ऑफ द मैच', शम्स मुलानी ने लिए 7 विकेट

एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने दूसरी पारी में 3 विकेट सहित मैच में 124 रन देकर 7 विकेट लिए, जिससे भारत ए ने केएपी-सीचेम स्टेडियम में खेले गए पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 162 रन से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अपनी दूसरी पारी सुबह दो विकेट पर 55 रन से आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 200 रन पर आउट हो गई। मुलानी ने शीर्ष स्कोरर फर्गस ओनील (47) सहित तीन बल्लेबाजों को आउट किया। ओनील ने डीप मिड-विकेट पर कैच दिया।

अंशुल ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेला

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शुरुआती घंटे में ही कल के अविजित बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी (35) और कप्तान पीटर हैंड्सकॉम्ब (16) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। पवेलियन छोर से कंबोज की जगह गेंद संभालने वाले तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने जोश फिलिप और लियाम स्कॉट को लगातार गेंद पर आउट किया। इसके बाद ऑफ स्पिनर तनुष कोटियन ने जेसन संघा को क्लीन बोल्ड कर दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर लंच तक सात विकेट पर 185 रन हो गया। भारत ने इसके बाद उसकी दूसरी पारी समेटने में देर नहीं लगाई।

भारत ने पहली पारी में बनाए 334 रन

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 334 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 171 रन ही बना पाई। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 199 रन बनाए। कुमार कुशाग्र को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरा चार दिवसीय मैच 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक इसी मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद यह दोनों टीम तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगी।

बर्लिन

नॉर्वे की जीत में चमके हालैंड रोनाल्डो ने दिखाया दम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कोडी गाकपो के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत नीदरलैंड ने नेशंस लीग फुटबॉल में जर्मनी को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। यह जर्मनी के नए कोच जुर्गेन क्लॉप और नीदरलैंड के नए कोच शावी हर्नांडिज के कार्यकाल का पहला मुकाबला था। अन्य मुकाबलों में नॉर्वे के लिए एरलिंग हालैंड ने दो गोल दागे, जबकि दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए मैदान पर उतरना जारी रखा। जर्मनी ने 32वें मिनट में फेलिक्स एनमेचा के गोल से बढ़त बनाई थी, लेकिन स्टॉपेज टाइम के दूसरे मिनट में रूबेन वान बोमेल के शानदार क्रॉस पर गाकपो ने वॉली से गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कई बार तनातनी भी देखने को मिली।

ऑस्ट्रिया के खिलाफ इजराइल के खिलाड़ी को जश्न मनाना पड़ा भारी

लिंज में ऑस्ट्रिया के खिलाफ बराबरी का गोल करने के बाद इजराइल के सईद अबू फरची को जश्न मनाना भारी पड़ा। इस खिलाड़ी ने कॉर्नर फ्लैग उखाड़ लिया और ऐसा इशारा किया, जो गोली चलाने जैसा दिखाई दिया। उन्हें दूसरा पीला कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। उन्हें पहला पीला कार्ड मिलने के सिर्फ चार मिनट बाद ही दूसरा पीला कार्ड मिल गया। इसके बाद फिलिप म्वेने और सासा कलाजदजिक के आखिरी मिनटों में किए गए गोलों से ऑस्ट्रिया ने 3-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में वेदात मुरिकी के गोल की बदौलत कोसोवो ने प्रिस्टिना में आयरलैंड को 1-0 से हराया।

नेपाल ने किया उलटफेर, अफगानिस्तान को 16 गेंद पहले 5 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| निशिन

कोरोगी स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में नेपाल क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।

टीम की शुरुआत खराब रही और टॉप-3 बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। पारी की शुरुआत करने आए मोहम्मद अकरम 2 रन और हसन ईसाखिल बिना खाता खोले आउट हो गए। 103 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी नेपाल की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 12 के स्कोर पर 2 और 31 के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन संदीप जोरा के 35 गेंदों पर बनाए 34 रन और पूर्व कप्तान रोहित पौडेल के 32 गेंदों पर बनाए नाबाद 33 रनों की बदौलत टीम ने 17.2 ओवर में 5 विकेट पर 103 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीत लिया। कप्तान दीपेंद्र सिंह ऐरी ने भी 15 रन बनाए। नेपाल और अफगानिस्तान के बीच यह पांचवां टी20 मैच था। पांच मैचों में नेपाल की यह दूसरी जीत थी।

सुब्रतो कप : मिनर्वा पब्लिक स्कूल ने जीता जूनियर वर्ग का खिताब

नई दिल्ली। मोहाली के मिनर्वा पब्लिक स्कूल सीआईएससीई ने केरल के मकदूमिया इस्लामिक कल्चरल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल को 3-2 से हराकर 65वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में लड़कों के जूनियर वर्ग (अंडर-17) का खिताब जीता। झारखंड के गुमला स्थित सेंट पैट्रिक हाई स्कूल ने लड़कियों के जूनियर वर्ग (अंडर-17), जबकि पश्चिम बंगाल के झारग्राम स्थित माणिक पारा विवेकानंद विद्यापीठ ने लड़कों के सब जूनियर वर्ग (अंडर-15) के खिताब जीते। फाइनल में वायुसेना प्रमुख और सुब्रतो मुखर्जी खेल शिक्षा सोसायटी के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिता टीमों को 5 लाख रुपए और उपविजेता को 3 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली।

दूसर वनडे में कप्तान मेंडिस ने ठोका शतक, वेलालगे ने चटकाए 3 अहम विकेट

श्रीलंका ने की सीरीज बराबर, इंग्लैंड को दी करारी मात

एजेंसी ▶▶| लीड्स

कप्तान कुसल मेंडिस के 121 रन और दुनिथ वेलालगे के तीन अहम विकेटों की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर सीमित ओवरों के मौजूदा दौरे पर अपनी पहली जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई है और अब इसका फैसला रविवार को द ओवल में होने वाले निर्णायक मुकाबले में होगा। इंग्लैंड को हालांकि स्टार बल्लेबाज जोस बटलर के बिना उतरना पड़ सकता है, जिन्हें 322 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बाएं हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों) में चोट लग गई। श्रीलंका के 6 विकेट पर 321 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम 9 विकेट पर 305 रन ही बना सकी।

मेंडिस ने लगाया सातवां वनडे शतक

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाले श्रीलंका के कप्तान मेंडिस ने एकदिवसीय में अपना सातवां शतक लगाया। उन्होंने 14 चौके और तीन छक्के जड़े और टीम को छह विकेट पर 321 रन तक पहुंचाया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज कमिंदु मेंडिस (54) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की, जबकि मध्यक्रम में पवन रतनायके ने 39 गेंदों पर 48 रन बनाए।

वेलालगे ने 49 रन देकर लिए 3 विकेट

वेलालगे (49 रन पर तीन विकेट) ने लगातार ओवरों में बेन डकेट (67), टॉम बैंटन (73) और हैरी ब्रूक (1) को आउट कर इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन कर दिया। डकेट और बैंटन ने पहले विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी की थी। इंग्लैंड ने मंगलवार को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए पहले वनडे में श्रीलंका को 89 रन से हराया था। इससे पहले श्रीलंका तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 0-3 से हार गया था।

यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण को बरी किए जाने के निर्णय को चुनौती

चार महिला पहलवानों ने अपील दायर की

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को यौन उत्पीड़न के मामले में बरी किये जाने संबंधी मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के खिलाफ चार महिला पहलवानों ने शुक्रवार को अपील दायर की। राउज एवेन्यू अदालत के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के समक्ष दायर फौजदारी अपील में, इस मामले में आपराधिक भयादोहन के आरोप से डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर को बरी किए जाने को भी चुनौती दी गई है। मामले की सुनवाई शनिवार को विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह द्वारा किये जाने की संभावना है। मजिस्ट्रेट अदालत ने तीन अगस्त को सबूतों के अभाव में, विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट समेत छह महिला पहलवानों द्वारा दायर मामले में भाजपा के पूर्व सांसद एवं डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया था। अदालत ने इस मामले में सिंह के अलावा तोमर को भी बरी कर दिया था। शुक्रवार को दायर याचिका के अनुसार, बरी करने का फैसला कानूनी रूप से टिकने योग्य नहीं है। यह रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के ''स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण और चुनिंदा पहलुओं'' पर आधारित था, अटकलों और अनुमानों पर टिका था, और कानून के बाध्यकारी और स्थापित सिद्धांतों को लागू करने में विफल रहा।

खबर संक्षेप

पाक-अफगान सीमा पर झड़प, 24 की मौत

तालिबान। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे गुलिस्तान सेक्टर में अफगान तालिबान के कथित हमले को नाकाम करने का दावा किया है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान ने इस कार्रवाई में तालिबान के कई सदस्यों को मार गिराया। दोनों पड़ोसी देशों के बीच करीब तीन महीने तक अपेक्षाकृत शांति रहने के बाद फिर बढ़े तनाव के बीच हुई है। पाक के उत्तर-पश्चिमी इलाके में एक पुलिस प्रतिष्ठान पर हमला हुआ था, जिसमें कम से कम 24 लोगों की मौत हुई थी।

एआई एजेंट ने हैक किया ऑस्ट्रेलियाई सरकारी पोर्टल

मेलबर्न। दुनिया में पहली बार किसी एआई एजेंट द्वारा सरकारी पोर्टल वेबसाइट को हैक कर डेटा चुराने का मामला सामने आया है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया में घटी, जहां ओपन एआई के एक एजेंट ने वहां के हेल्थकेयर सर्विस पोर्टल में सेंध लगाकर फाइलों तक पहुंच बनाई और स्वास्थ्य खर्च व दवा सब्सिडी से जुड़े महत्वपूर्ण डेटा की जानकारी हासिल की। ओपनएआई ने इस साइबर घुसपैठ की जानकारी ऑस्ट्रेलियाई सरकार को 54 दिन बाद दी।

स्कूलों में बुर्का-नकाब पर बैन,1 लाख का जुर्माना

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने स्कूलों के लिए नए नियमों को मंजूरी दी है। इसके तहत स्कूलों में बुर्का और नकाब जैसे पूरे चेहरे को ढकने वाले कपड़ों पर रोक लगा दी गई है। नियम तोड़ने पर 1000 यूरो यानी करीब 1 लाख रुपए तक जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके साथ ही कुछ विदेशी छात्रों की संख्या एक क्लास में 30 प्रतिशत तक सीमित की गई है। अगर चेहरा ढकने वाला छात्र नाबालिग है तो जुर्माना उसके माता-पिता पर लगाया जा सकता है।

यूएन में नेतन्याहू का समर्थकों ने स्वागत किया, इजराइल की जनता जिंदा है के नारे लगाए

75 देशों ने नेतन्याहू का बहिष्कार किया, 3 मिनट चुप खड़े रहे, फिर बोले-कायर बाहर चले जाएं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण दिया। जैसे ही वो मंच पर आए तो 75 देशों के प्रतिनिधियों ने हूटिंग करके उनका विरोध किया, फिर बाहर चले गए। इस घटनाक्रम के बाद नेतन्याहू करीब 3 मिनट तक चुपचाप खड़े रहे। फिर उन्होंने कहा नेतन्याहू ने अपने भाषण में गाजा, ईरान, लेबनान पर इजराइली कार्रवाई का जिक्र किया। ट्रंप की तारीफ, न्यूयॉर्क मेयर ममदानी और यूरोप के नेताओं की आलोचना की।

हालांकि, इस दौरान गैलरी नेतन्याहू के समर्थकों से भरी हुई थी। उन्होंने तालियां बजाकर नेतन्याहू का स्वागत किया और अम यिसराइल चाई यानि इजराइल की जनता जिंदा है के नारे लगाए। नेतन्याहू ने अपने भाषण में गाजा, ईरान, लेबनान पर इजराइली कार्रवाई का जिक्र किया। ट्रंप की तारीफ, न्यूयॉर्क मेयर ममदानी और यूरोप के नेताओं की आलोचना की।

ट्रंप की तारीफ, की,यूरोप के नेताओं की आलोचना

नेतन्याहू ने गाजा, ईरान, लेबनान पर इजराइली कार्रवाई का जिक्र किया

गैलरी नेतन्याहू के समर्थकों से भरी हुई थीं

लेबनान- हिजबुल्लाह को पेजर अटैक की याद दिलाई

नेतन्याहू के भाषण के दौरान लगभग सभी इस्लामिक देशों के प्रतिनिधि हॉल छोड़कर चले गए, लेकिन यूएई की प्रतिनिधि मौजूद रहीं।

नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह के खिलाफ की गई उस कार्रवाई का भी जिक्र किया, जिसमें संगठन के सदस्यों के पास मौजूद पेजर में धमाके हुए थे। 17 सितंबर 2024 को लेबनान और सीरिया में हजारों पेजर एक साथ फटे थे, जिससे 3,000 से अधिक लोग घायल हुए और कई लोगों की मौत हो गई थी।

गाजा- इजराइली सेना के हमले का बचाव

नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जिक्र करते हुए इजराइल की सैन्य कार्रवाई का बचाव किया। उन्होंने कहा कि हमास के आतंकियों ने जिस तरह इजराइलियों को मारा, वह बेहद भयावह था। ऐसी भयावहता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इजराइली पीएम ने गाजा में इजराइल पर नरसंहार करने के आरोप को खारिज किया। उन्होंने इसे 21वीं सदी का सबसे बड़ा झूठ बताया। नेतन्याहू ने कहा, इजराइल ने नरसंहार नहीं किया। इजराइल ने नरसंहार को रोका। अगर हमास के समर्थकों को मौका मिलता तो वे हर यहूदी को मार देते।

न्यूयॉर्क के मेयर ममदानी को हमास समर्थक कहा

इसके बाद उन्होंने न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी पर निशाना साधा। नेतन्याहू ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी यहूदी आबादी वाले इस शहर में यहूदी अब खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते। उन्होंने ममदानी को हमास का समर्थक बताया। उन्होंने ममदानी की पत्नी की भी आलोचना की और कहा कि वे सोशल मीडिया पर इजराइल विरोधी पोस्ट को पसंद करती हैं।

ईरान- डेलीगेशन को स्टारलिंक गिफ्ट करने बात कही

नेतन्याहू ने ईरान की मिसाइलों के खतरे का जिक्र करते हुए संयुक्त राष्ट्र में मौजूद लोगों से सवाल किया कि अगर एक टन की ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल इस इमारत पर गिर जाए तो क्या होगा। इससे पूरा इलाका तबाह हो सकता है। उन्होंने ईरान के नेताओं को तेहरान का तानाशाह बताया और कहा कि वे अपने ही लोगों से डरते हैं। उन्होंने इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक का एक डिवाइस दिखाया और कहा कि इससे ईरान के लोग खुलकर अपनी बात कह सकते हैं। नेतन्याहू ने आगे कहा कि वे यह डिवाइस ईरानी डेलीगेशन के लिए छोड़कर जाएंगे। अगर वे अपनी सरकार के खिलाफ हो जाएं या उसका साथ छोड़ दें, तो स्टारलिंक के जरिए इंटरनेट चला सकेंगे और सोशल मीडिया पर अपनी बात दुनिया को बता सकेंगे।

विरोध करने वाले देशों को जयशंकर की दो टूक

हर साल यूएन में सुधार का मुद्दा मतदान से होना चाहिए फैसला

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में इस मुद्दे को लेकर निराशा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जो देश

संयुक्त राष्ट्र में सुधार का विरोध कर रहे हैं, वे वास्तव में इस संगठन को लेकर गंभीर नहीं हैं और केवल इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार का मुद्दा हर साल महासभा के दौरान उठता है, लेकिन अब इसे लेकर भावना और मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर सुधार को लेकर गंभीरता है तो इसके लिए टेक्स्ट आधारित बातचीत जरूरी है, क्योंकि किसी लिखित मसौदे के बिना बातचीत को वास्तविक वार्ता नहीं कहा जा सकता।

संयुक्त राष्ट्र में मजबूत हुई सुधार की भावना

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, निराशा बढ़ रही है, क्योंकि अगर हम सुधार को लेकर गंभीर हैं तो हमें टेक्स्ट आधारित बातचीत की जरूरत है। आप बिना किसी टेक्स्ट के बातचीत नहीं कर सकते। अगर टेक्स्ट ही नहीं है तो वह बातचीत नहीं, बल्कि समय हासिल करना है। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार के समर्थन की भावना गहरी हुई है। उन्होंने यह बात संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के इतर आयोजित एक मंत्रीस्तरीय सत्र में कही। इस कार्यक्रम का आयोजन ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन, भारत में संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने किया था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय में यह भावना है कि संयुक्त राष्ट्र को बदलने की जरूरत है और उसे वास्तविक दुनिया के अनुरूप अधिक बनाया जाना चाहिए। जयशंकर ने कहा, यही वास्तव में उस विचार का आधार है कि संयुक्त राष्ट्र को बदलना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र को समय से पीछे माना जा रहा है। यह संयुक्त राष्ट्र विरोधी होना नहीं है। वास्तव में जो लोग संयुक्त राष्ट्र की परवाह करते हैं, वे उसमें सुधार चाहते हैं।

चीनी राष्ट्रपति की तीन दिवसीय यात्रा संपन्न

शी ने यूएस से संबंध और बेहतर होने की उम्मीद जताई, ट्रंप ने कहा- 'बहुत खुश हूं'

वाशिंगटन(भाषा)। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अमेरिका की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के समापन से पहले शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बातचीत से चीन-अमेरिका संबंधों में एक ''नया आयाम'' जुड़ा है और उन्हें दोनों देशों के रिश्तों के ''और बेहतर'' होने की उम्मीद है। ट्रंप और शी ने शुक्रवार सुबह 'व्हाइट हाउस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में चाय पर अपनी बातचीत जारी रखी। ट्रंप ने कहा कि यात्रा के दौरान चीन और अमेरिका ने ''बहुत बड़ी प्रगति'' की है, जिससे अमेरिकी किसान ''बहुत खुश'' होंगे। शी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से दो बार और मुलाकात होगी-चीन में होने वाले 'एपीईसी' शिखर सम्मेलन और अमेरिका में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान। शी ने 'व्हाइट हाउस' के 'रेड रूम' में हुई बैठक में कहा कि वह राष्ट्रपति और प्रथम महिला को चीन आने के लिए आमंत्रित करते हैं। अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और चीन की प्रथम महिला पेंग लियुआन हडसन रिवर स्कूल की एक पेंटिंग के नीचे रखे सोफे पर बैठी हुई थीं, जबकि शी व ट्रंप अपनी-अपनी कुर्सियों पर बैठे थे।

जयकारों के बीच 'बप्पा' की विदाई

'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से गूंजा शहर

मुंबई। मुंबई में अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। शुक्रवार को 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों और ढोल-ताशे की थाप से माहौल गूंज उठा। शहर में विसर्जन जुलूस निकले और भक्तों ने त्योहार के आखिरी दिन भगवान गणेश को भावुक विदाई दी। सार्वजनिक गणेश पंडालों में बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी में पारंपरिक पूजा और आरती हुई। इसके साथ ही कई प्रमुख मंडलों के विसर्जन जुलूस में जोश भरे जयकारों, पारंपरिक संगीत और गुलाल व फूलों की पंखुड़ियों की बौछार हुए। भक्त नाचते-गाते हुए भक्ति गीत गा रहे थे। विसर्जन के लिए 24 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी और 25 हजार बीएमसी कर्मचारी तैनात हैं। इस दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं है।

मुंबई एयरपोर्ट पर 15 करोड़ का सोना जब्त

- सोने के पावडर को दूध पावडर ओट्स में चालाकी से छिपाया

मुंबई। सोने की तस्करी के खिलाफ अपनी निरंतर कार्रवाई को जारी रखते हुए, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई), मुंबई जोनल यूनिट ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, मुंबई एयरपोर्ट कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) के सहयोग से, 23.09.2026 की सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, मुंबई पर दुबई से आ रहे तीन भारतीय यात्रियों को रोका। उनके सामान की बारीकी से जांच करने पर छिपकर तस्करी करने के एक बेहद उन्नत और असामान्य तरीके का खुलासा हुआ, जिसमें विदेशी सोने को बारीक पावडर में बदल दिया गया था।

झारखंड में बैंक में डकैती 23 किलो सोना व 43 लाख कैश लेकर भागे

रांची। झारखंड के जमशेदपुर में केनरा बैंक में 24 मिनट में 23 किलो सोना और 43 लाख कैश लेकर बदमाश फरार हो गए। इसके लिए 20 अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई है साथ ही पड़ोसी राज्यों की सीमाएं भी सील कर दी गई हैं। जमशेदपुर के व्यस्ततम गोलमुरी चौक के समीप स्थित केनरा बैंक की शाखा में गुरुवार सुबह हथियारबंद अपराधियों ने राज्य के आपराधिक इतिहास की सबसे बड़ी डकैती को अंजाम दिया। मूसलाधार बारिश की आड़ में रेनकोट पहनकर पहुंचे पांच डकैतों ने मात्र 24 मिनट के अंदर बैंक कर्मियों को बंधक बनाया और चेस्ट और सेफ से ग्राहकों का करीब 36 करोड़ रुपए मूल्य का 23 किलो सोना और 43 लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए।

भारतीय सेना के घातक हथियारों के जखीरे से डरा पाक

इस्लामाबाद। भारतीय सेना ने पिछले कुछ वर्षों में अपने गोदमा में एक से बढ़कर एक घातक हथियारों का जखीरा भरा है। भारती ब्रह्मोस और आकाश जैसे हथियार सिस्टम अब युद्ध में सिद्ध हथियार बन चुके हैं। भारतीय हथियारों का असर झेल चुका पाकिस्तान अब भारत के थियेटर कमांड प्लान पर उंगलियां उठा रहा है। पाकिस्तानी अखबार डॉन में लिखा गया है कि भारत के थियेटर कमांड की आलोचना की जा रही है और इसके लागू किए जाने को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं। राजनीतिक लक्ष्यों और सख्त समय सीमा पर ज्यादा जोर देने से सेना की पेशेवर कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता है और तीनों सेनाओं की युद्ध क्षमता कमजोर हो सकती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28